गुरुवार

29 फरवरी 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




लालू परिवार को राहत, राबड़ी-मीसा -हेमा को कोर्ट से मिली बेल 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


### जामताड़ा—करमाटांड़ रेल खंड के कालाझरिया के समीप दुर्घटना

# जामताड़ा में ट्रेन से उतरने के दौरान गई 12 लोगों की जान

- आसनसोल-झाझा पैसेंजर ट्रेन रुकी थी, जिससे यात्री नीचे उतरे हुए थे। इसी दौरान भागलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी
- घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन व रेल प्रशासन हुआ तत्पर, पहुंचा घटनास्थल पर
- हादसे में जान गंवाने वालों का पहचान का प्रयास जारी



**केटी न्यूज/जामताड़ा**

झारखंड स्थित जामताड़ा-करमाटांड रेलखंड के बीच स्थित कालाझरिया हाल्ट पर ट्रेन हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन ने इसकी अभी पुष्टि नहीं की है। यह बताया जा रहा है कि मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर इस घटना की जानकारी मिलते ही जिला व रेल प्रशासन तत्काल कालाझरिया हाल्ट पर राहत व बचाव कार्य के लिए निकल गया है। साथ ही स्थानीय लोग भी प्रशासन की मदद व घायलों के बचाव में जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार डाउन लाइन में बंगलुरू- यशवंतपुर एक्सप्रेस गुजर रही थी। इसी बीच लाइन के किनारे डाले गये गिट्टी का डस्ट उड़ रहा था. लेकिन डस्ट को देखकर चालक को संदेश को हुआ कि ट्रेन में आग लग गई है और धुंआ निकल रहा है। जिस कारण ट्रेन को रोकते ही यात्री भी उतर गया, इसी बीच अप में जा रही ईएमयू ट्रेन की चपेट में आने से कई यात्रियों की मौत हो गई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बेवजह से ट्रेन को रोका गया। जिस कारण कुछ लोग ट्रैक पार कर रहे थे वो सामने वाली ट्रेन से टकरा गए। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार जामताड़ा-करमाटांड़ के कलझारिया इलाके पास ट्रेन की चपेट में आने के कारण 12 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ यहा से कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना मिली है।

**आग लगने की सूचना से पटरी पर पहुंचे यात्री:** घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने की तैयारी चल रही है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना के कारण यात्री ट्रेन से कूद कर नीचे पटरी पर पहुंच गए, जिसके बाद सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों के ऊपर से गुजर गई। जिसमें लगभग अबतक कुल 12 लोगों की मौत की खबर मिली है।

**कैसे हुआ हादसा:** दरअसल, झारखंड के जामताड़ा-करमाटांड़ के कलझारिया इलाके के पास अचानक अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना पर ट्रेन को अचानक रोक दिया गया। जिसके बाद ट्रेन में यात्रा कर रहें लोग डर गए। डरे-सहमे यात्री ट्रेन से कूद कर दूसरी तरफ की पटरी पर पहुंच गए। इसी बीच सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन पटरी पार कर रहें 12 लोगों के ऊपर से गुजर गई।

**क्या कहा स्थानीय लोगों ने:** स्थानीय लोगों ने बताया कि जामताड़ा-करमाटांड़ के बीच कालाझरिया रेलवे हॉल्ट पर आसनसोल-झाझा पैसेंजर ट्रेन रुकी थी, जिससे यात्री नीचे उतरे हुए थे। इसी दौरान भागलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी। जिसके चपेट में ये लोग आ गए। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि उन्हें ट्रेन हादसे की सूचना मिली है। उन्होंने जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन से इस संबंध में बात कर तत्काल मदद पहुंचाने को कहा है। वह भी घटनास्थल के लिए रवाना हो रहे हैं।

**हादसे के बाद जांच के लिए कमेटी गठित:** हादसे के बाद रेलवे एक्शन में आ गयी और जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी गयी है। वहीं इस हादसे के बाद जामताड़ा विधायक ने मैं घटनास्थल के लिए निकल चुका हूं। इसके अलावा मैंने घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने का निर्देश दे दिया है। अभी तक मृतकों की नहीं हो पाई है। हम इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की ओर से घायलों को बेहतर इलाज कराने का प्रयास किया जा रहा है। सभी जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बच सके।

## दंगाइयों के लिए काल है पीएसी, पिछली सरकारों ने पीएसी को खत्म करने की कोशिश की : सीएम

**लखनऊ।** लोकभवन में अयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों को निशाने पर लेते हुए कहा कि उस वक्त दंगाइयों को गले लगाने का कार्य किया गया। हर कोई जानता है कि उत्तर प्रदेश का पीएसी बल दंगाइयों के लिए काल है, मगर पिछली सरकारों ने पीएसी की 54 कंपनियों को ही खत्म करने का काम किया था, जिसे हमने पुनर्गठित किया। सीएम ने कहा कि यूपी में जल्द ही स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी के अंदर एसडीआरएफ का गठन, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, यूपी में फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, एसएसएफ का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या श्रीरामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है। सीएम योगी ने यूपी पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। सीएम योगी ने बताया कि यूपी देश का पहला राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाये गये थे शेष 57 का आज शुभारंभ हो रहा है। इसके साथ ही सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। जनता की समस्याओं का तत्काल निदान किया जाएगा।

# जर्मन चांसलर ने अपने पोस्ट में लिखा ...पीएम मोदी मैं आपको हिन्दी में दूंगा जवाब





**एजेंसी/नई दिल्ली**

तमिलनाडु के पल्लादम में जर्मन सिंगर कैसेंड्रा माई स्पिटमैन से प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की। कैसेंड्रा ने पीएम को भजन भी गाकर सुनाया। इस मुलाकात की पोस्ट पीएम ने शेयर की। इस पर अब जर्मनी के चांसलर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने हिंदी में लिखकर पीएम मोदी की पोस्ट पर जवाब दिया है। इन दिनों जर्मनी की एक सिंगर को भारत में काफी सराहा जा रहा है. इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सिंगर की जमकर तारीफ कर चुके हैं और उन्होंने हाल ही में इस 21 वर्षीय सिंगर और उनकी मां से मुलाकात की। इस मुलाकात की फोटो और वीडियो पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की थीं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने जर्मन भाषा में पोस्ट भी लिखा था। अब उस पोस्ट पर जर्मनी के चांसलर ने हिंदी में जवाब दिया है। दरअसल, अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 'राम आएंगे' गाकर इंटरनेट पर छा जाने वाली जर्मन सिंगर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मुलाकात की थी। तमिलनाडु के पल्लादम में मुलाकात के दौरान जर्मन सिंगर कैसेंड्रा माई स्पिटमैन ने प्रधानमंत्री को भजन भी गाकर सुनाया. वहीं पीएम मोदी भी इस दौरान भजन को आनंद लेते नजर आए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कैसेंड्रा भजन गा रही हैं और पीएम मोदी उसका आनंद लेते दिख रहे हैं। इस मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर फोटो और वीडियो शेयर किए. वीडियो में कैसेंड्रा पीएम को भजन सुना रही हैं। इसके साथ ही पीएम ने जर्मन भाषा में पोस्ट भी लिखा. इसमें उन्होंने कहा, ₹कैसेंड्रा माई स्पिटमैन की सुरीली आवाज व्यापक रूप से जानी जाती है। पल्लदम में मैं उनसे और उनकी मां से मिला। भारतीय संस्कृति, संगीत और भोजन के प्रति कैसेंड्र के प्रेम के बारे में हमारी अद्भुत बातचीत हुई। बेशक उनका मुख्य आकर्षण तमिल में शिवमयमगा और अच्युतम केशवम गाना था। अब प्रधानमंत्री मोदी के इस पोस्ट पर जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की प्रतिक्रिया सामने आई है। इसमें ओलाफ स्कोल्ज ने हिंदी में पोस्ट लिखकर कहा कि संगीत दोनों देशों जोड़ता है। जर्मन चांसलर ने अपने पोस्ट में लिखा, यदि आपने जर्मन में लिखा है, प्रिय नरेंद्र मोदी, निःसंदेह मैं हिंदी में जवाब दूंगा। यह अच्छा है कि संगीत भी हमारे देशों को जोड़ता है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2023 में अपने कार्यक्रम मन की बात में 21 साल की जर्मन सिंगर कैसेंड्रा का जिक्र किया था. वे आंखों से देख नहीं सकती हैं. कैसेंड्रा ने पिछले दिनों जगत जाना पालम और 'शिव पंचाक्षर स्त्रोतम' का गायन भी किया था। इसी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने जर्मन सिंग की तारीफ की थी. उन्होंने कहा था, इतनी सुरीली आवाज और हर शब्द भावनाओं को दशार्ता है। हम ईश्वर के प्रति उनके लगाव को भी महसूस कर सकते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह आवाज जर्मनी की एक बेटी की है।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश को सीबीआई का नोटिस

**एजेंसी/लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को खनन मामले में सीबीआई ने तलब किया है। वह 29 फरवरी को केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने गवाह के तौर पर तलब किया है। उन्हें कल (29 फरवरी) को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। अखिलेश यादव को बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इस आशय की जानकारी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव से पहले भी एक नोटिस आया था और इस चुनाव में भी एक नोटिस आया है। सीबीआई की इस नोटिस को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अखिलेश यादव अक्सर कहते रहे हैं कि उन्हें कांग्रेस की सरकार ने पहले ही सीबीआई क्लब में डाल दिया है और अब भाजपा भी वही काम कर रही है।लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है। दोनों दल प्रदेश में गठबंधन में लड़ रहे हैं। सपा ने कांग्रेस को गठबंधन के तहत 17 सीटें दी हैं।वहीं, भाजपा का दावा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहेगी।

# वायनाड सीट पर लेफ्ट ने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में, राहुल की बढ़ सकती है मुश्किलें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आगामी लोकसभा के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विशेषकर महत्वपूर्ण सीटों पर सभी प्रमुख दलों की नजर है। सीपीआई ने केरल की अतिविशिष्ट सीट वायनाड सीट पर अपने प्रत्याशी को लगभग फाइनल कर दिया है। विदित हो कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए थे। जीत बीजेपी से स्मृति इरानी को मिली थी। अमेठी गांधी-नेहरू परिवार की परंपरागत सीट रही थी लेकिन कांग्रेस इसे बचा नहीं सकी



थी। शायद कांग्रेस को अमेठी में हार का अंदाजा था इसलिए केरल की वायनाड सीट से भी राहुल गांधी को उतारा गया था और वहां जीत मिली थी। लेकिन इस बार राहुल को वायनाड में जीत आसान नहीं दिख रही है। वायनाड सीट पर लेफ्ट ने अपने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। सीपीआई की नेता वृंदा करात ने कहाए कि वायनाड सीट पर अभी सीपीआई ने अपने उम्मीदवार को घोषित कर दिया है। कॉमरेड एनी राजा जिन्होंने महिला आंदोलन में बहुत जबरदस्त भूमिका अदा की। अभी वो पूरे एलडीएफलेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से उम्मीदवार होंगी। वृंदा ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को सोचना चाहिए कि वो कहते हैं कि उनकी लड़ाई बीजेपी के खिलाफ है। केरल में आप बीजेपी के खिलाफ नहीं आप लेफ्ट के खिलाफ आकर लड़ेंगे। तो आप खुद क्या मैसेज भेजेंगे। इसलिए उनको अपनी सीट के बारे में दोबारा सोचने की जरूरत है।






### तीन मार्च को ताल नदोर में मुख्यमंत्री योगी रखेंगे आधारशिला

# गोरखपुर में खुलेगा पूर्वांचल का पहला पशु चिकित्सा महाविद्यालय

**केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी तीन मार्च को गोरखपुर के ताल नदोर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। इसे भविष्य में विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड कर दिया जाएगा। पशु चिकित्सा महाविद्यालय से पूर्वांचल के साथ नेपाल और बिहार भी लोग लाभान्वित होंगे। गोरखपुर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गोअनुसंधान संस्थान, मथुरा से संबद्ध होगा। इसके बन जाने से पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पशुपालकों को भी काफी फायदा होगा। इस महाविद्यालय को क्रमवार तीन चरणों में विकसित किया जाएगा।



**80 एकड़ का होगा परिसर, 228 करोड़ होगी लागत:** इसके लिए गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर स्थित ताल नदोर में 80 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। पहले चरण के निर्माण पर 228 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदार दी गई है। महाविद्यालय के परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। महाविद्यालय परिसर को 'नेट जीरो एनर्जी' की अवधारणा पर विकसित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में यहां स्नातक स्तर पर 100 छात्रों के प्रवेश की व्यवस्था होगी। दो मार्च को सीएम जिले को 1007 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। इसके एक दिन पहले दो मार्च को सीएम योगी महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जिले को 1007 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें करीब 954 करोड़ रुपये से अधिक की 35 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 53 करोड़ रुपये से अधिक की 14 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इस महाविद्यालय के निर्माण से पशुपालकों से सहित छात्र-छात्राओं को भी लाभ मिलेगा। इस बात की उम्मीद जतायी जा रही थी। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के माध्यम से नये-नये अनुसंधान करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि पशुओं को रोगों से बचाया जा सके। साथ ही उत्पादन में भी बढ़ोतरी हो। इस क्षेत्र में पशुपालकों की संख्या अधिक है। परंतु पशुओं के बारे में बेहतर जानकारी नहीं मिल पाती है। जिस कारण दुध का उत्पादन अधिक नहीं हो पाता है। लोकार्पण और शिलान्यास की परियोजनाओं में बाढ़ बचाव, फ्लाई ओवर, सड़क एवं नाली निर्माण, कलेक्ट्रेट परिसर में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण, एमईएस ऑफिस की शिफ्टिंग, पर्यटन विकास के कार्य सम्मिलित हैं।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

बिहार

बक्सर, 29 फरवरी 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



### सीतामढ़ी :माता जानकी जन्मस्थली पुनौराधाम में रक्षा मंत्री ने की पूजा-अर्चना

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा है देश का सर्वांगीण विकास : रक्षा मंत्री राजनाथ

♦ राजनाथ सिंह ने मंदिर परिसर में कहा कि सीतामढ़ी में कमल खिलेगा



**केटी न्यूज/सीतामढ़ी**

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीतामढ़ी पहुंचे हैं। वह यहां से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। बता दें कि रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम प्रशासन की ओर से किए गए हैं। नेपाल सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीधे पुनौराधाम पहुंचे। यहां पहुंचकर वे पहले जानकी जन्मस्थली पुनौराधाम का दर्शन और पूजा करने गए। इनके साथ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद थे। महंत कौशल और अन्य पुजारी ने पूजा-अर्चना कराई। इससे पहले दरभंगा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया था। राजनाथ सिंह ने मंदिर परिसर में कहा कि सीतामढ़ी में कमल खिलेगा। मंदिर के पास तालाब है और तालाब में कमल ही खिलते हैं। जानकी जन्मभूमि पर तालाब (सीता कुंड) है इसलिए यहां कमल खिलना स्वाभाविक है। रक्षा मंत्री सिंह जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम में पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हर जगह उत्साह का माहौल है। लोग फिर नरेंद्र मोदी को देश की कमान सौंपने को तैयार हैं। मीडिया कर्मियों की ओर से पूछे गए सवाल पर रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं राजनीतिक घोषणा तो नहीं कर सकता, लेकिन कह सकता हूं कि सीतामढ़ी का भी सर्वांगीण विकास होगा। इससे पूर्व जानकी जन्मस्थली पुनौराधाम में रक्षा मंत्री ने पूजा-अर्चना की। सीता कुंड पहुंचकर आरती भी की। आरती के बाद उन्होंने मंदिर की परिक्रमा भी की। इसके बाद भारतीय जनता पर्टी की ओर से आयोजित बुद्धिजीवियों के साथ संवाद में शामिल होने के लिए निकल गए। इससे पहले रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर जिले के सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। जिला प्रशासन की ओर से इसको लेकर व्यापक तैयारी की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। डीएम मनेश कुमार मीणा एवं एसपी मनोज कुमार तिवारी समेत अन्य अधिकारी सुरक्षा को लेकर पुरी चौकस बरती थी।

## सत्ता जाने से बेहद बेचैन हो गए है कांग्रेसी नेता : गिरिराज सिंह

**केटी न्यूज/पटना**



महागठबंधन में हुई टूट को लेकर बिहार में सियासत तेज हो गई है। एक तरफ जहां विपक्ष इसे बीजेपी की साजिश बता रहा है तो बीजेपी का दावा है कि विपक्ष के डूबते नाव से लोग जान बचाकर भाग रहे हैं। बेगूसराय पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरजेडी और कांग्रेस के तीन विधायकों के पाला बदलने पर तंज किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में जब से आरजेडी और कांग्रेस के हाथ से सत्ता गई है वह व्याकुल भारत की तरह बेचैन भारत हो गया है। सत्ता में रहते हुए आरजेडी ने जो पैसा वसूली किया था उसी के बदौलत एनडीए के विधायकों को तोड़ने की और खेला करने की बात कह रही थी। तेजस्वी यादव के ऐसे कई बयान आए जब उन्होंने दावा किया था कि खेला अभी बाकी है। अब खेला करने वालों के घर में ही खेला हो रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि विधायकों का टूटना उनकी विश्वस्नीयता के कम होने का परिचायक है। आज खेला की बात कहने वाले लोगों के घर में ही खेला हो रहा है। चाहे उत्तर प्रदेश की बात हो या हिमाचल में कांग्रेस की सरकार हो और चाहे बिहार में हो, खेला करने वालों के साथ खेला हो रहा है।

## कांग्रेस एक डूबता जहाज, जिसमें से हर कोई भाग रहा : शहनवाज हुसैन

आरा। भाजपा नेता शहनवाज हुसैन एक कार्यक्रम में आरा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जाम कहा हमला किया। हिमाचल मे चल रहे राजनीति उठापटक के बीच उन्होंने कहा की हिमाचल के कांग्रेस के विधायक कांग्रेस को वोट नहीं दे रही है, देश की जनता कांग्रेस को वोट नहीं दे रही है बीजेपी उनके लिए काम नही करती हम अपने लिए काम करते है। कांग्रेस विधायक कांग्रेस तोड़ो यात्रा पर निकले हुए है कांग्रेसी विधायक। कांग्रेसीयों को भी कांग्रेस पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है हर कोई को लगता है जल्दी कूदो जल्दी कूदो कांग्रेस का जहाज डूबने वाला है। राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा पर निकले है कांग्रेसी लोग कांग्रेस तोड़ो यात्रा पर निकली हुई है। बिहार में भी असर है तेजस्वी यादव न्याय यात्रा पर निकले है लेकिन उनके विधायक का विश्वास भी राजद पर नही है वो तीन तारिक को रैली कर रहे है उनको तौफा मिल चुका है। कई विधायक उनके उनपर यकीन नही करने वाले। बिहार में सभी एनडीएन के दल मिल कर काम कर रहे है। बिहार में लोक सभा चुनाव टारगेट है लोक सभा चुनाव में बिहार में चालीस में से चालीस सीट जितनी है यही लक्ष्य है। राजद पिछले चुनाव में भिड़ भाड़ रखता था लेकिन उनको सीट आई जीरो इस बार भी उन्हें मिलेगी जीरो। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति और भी साफ हो जाएगी। जनता यह बता देंगी कि कांग्रेस को कितना प्यार और सम्मान मिल रहा है। राहुल के सभी प्रयास विफल साबित होंगे।

## बागी विधायकों की सदस्यता होगी रद्द, कांग्रेस बोली- जरूरत पड़ी तो कोर्ट भी जाएंगे

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में कांग्रेस ने दो बागी विधायकों की विधायकी रद्द करने के लिए विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव को आवेदन किया है। कांग्रेस ने दोनों विधायक सिद्धार्थ सौरव और मुरली गौतम को पार्टी से निष्कासित भी कर दिया है। दोनों विधायक बुधवार को पाला बदलकर बीजेपी में शामिल हो गए थे। उनके साथ आरजेडी विधायक संगीता देवी ने भी पाला बदला। बिहार के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह खुद बुधवार को विधानसभा पहुंचे और स्पीकर को आवेदन दिया। अखिलेश सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाए की ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर हॉर्स ट्रेडिंग की जा रही है। विधायकों को लालच दिया जा रहा है। जिन दो विधायकों ने पाला बदला है, उनकी सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो उनकी पार्टी कोर्ट भी जाएगी। इससे पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने बागी विधायकों को गद्दार करार दिया। उन्होंने कहा कि गद्दारों को गद्दारी की सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने लालच की स्थिति पूरे देश में बना दी है। सिंबल हमारा, व्यवस्था हमारी, संसाधन और जगह हमारी, फिर भी जीतकर अपनी ही पार्टी से विधायकों ने गद्दारी की। उन्होंने कहा कि जनता इस गद्दारी का जवाब देगी। वह सबकुछ देख रही है।बता दें कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भोजनावकाश के बाद मंगलवार को कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरव और मुरली गौतम सत्ता पक्ष के साथ जाकर बैठ गए थे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी खुद उन्हें लेकर सदन में आए। इसके बाद सत्ता पक्ष की ओर से टेबल थपथपाकर उनका स्वागत किया गया। उनके साथ आरजेडी की विधायक संगीता देवी ने भी पाला बदल दिया। विपक्षी दलों के तीनों विधायकों को सम्राट ने भारतीय जनता पार्टी जॉइन करवा ली।




## लालू परिवार को राहत, राबड़ी-मीसा -हेमा को कोर्ट से

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



रेलवे मे नौकरी देने के बदले जमीन और फ्लैट रजिस्ट्री कराने के मामले में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती, हेमा यादव और हृद्यानंद चौधरी के नियमित जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृद्यानंद चौधरी को शर्तों के साथ एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर नियमित जमानत दी है। कोर्ट ने कहा कि जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, इसलिए आरोपियों की जमानत याचिका खारिज करने की कोई वजह नजर नहीं आती है। ऐसे में आरोपियों को नियमित जमानत दी जाती है। वहीं इसी मामले में कोर्ट ने कारोबारी अमित कात्याल की अंतरिम जमानत को पांच मार्च तक बढ़ा दिया है। यह मामला रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी देने के घोटाले से जुड़ा हुआ है। आरोप हैं कि जब लालू यादव यूपीए कार्यकाल में रेल मंत्री थे, तब कई लोगों को नियमों की अनदेखी करते हुए रेलवे में नौकरी दी गई थी। इसके बदले में लालू परिवार के सदस्यों के नाम पर बेशकीमती जमीनें लिखवाई गई थीं। सीबीआई इस केस के आपराधिक पहलू की जांच कर रही है। वहीं, मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच ईडी कर रही है। सीबीआई ने 7 अक्टूबर 2022 को लैंड फॉर जॉब केस में पहली चार्जशीट दायर की थी। इसमें लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती समेत 16 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इसके बाद 15 मार्च 2023 को उन्हें जमानत दे दी गई। जांच एजेंसी ने 3 जुलाई 2023 को इस केस में सप्लीमेंट्री यानी दूसरी चार्जशीट दायर की। इसमें बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया गया।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों ने किया जमकर हंगामा

**केटी न्यूज/सीवान**

सीवान में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों ने जमकर हंगामा किया है। छात्रों ने कॉलेज परिसर में हंगामा करते हुए प्रिंसिपल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। छात्रों ने प्रिंसिपल की इस्तीफा की मांग की है। इस दौरान पूरे कॉलेज में अफरा तफरी का माहौल कायम रहा।पूरा मामला सिवान शहर के सुता फैक्ट्री के समीप सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का हैं जहां 2022 बैच के छात्रों ने जमकर बवाल काटा। छात्रों का आरोप है की कॉलेज प्रशासन ने छात्रों का इंटरनल एग्जाम में नंबर कम दिया है। जिसके कारण बच्चों का ईयर बैक लगा। छात्रों ने कहा स्पेशल एग्जाम लेने के लिए प्रिंसिपल से यूनिवर्सिटी को मेल करने के लिए कहा गया। लेकिन, प्रिंसिपल छात्रों की बातों को नही सुन रहे हैं। छात्रों ने बताया की इसी मांग को लेकर वे सभी छात्र कॉलेज परिसर में शांति से प्रदर्शन कर रहे थे तभी प्रिंसिपल आएं और उनके साथ कॉलेज का स्वीपर प्रिंस जो प्राचार्य का करीबी है वो भी मौजूद था। इसके बाद स्वीपर प्रिंस द्वारा कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर अजीत सर की पिटाई कर दी गई। अजीत सर की पिटाई के बाद छात्र आक्रोशित हो गया और जमकर बवाल किया। वहीं प्रिंसिपल सूर्यकांत सिंह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा की रिजल्ट सभी जगह का खराब हुआ हैं। बच्चों की अच्छी से पढ़ाई कराई जाती हैं। वही स्वीपर प्रिंस ने प्रोफेसर डॉक्टर अजीत सर की पिटाई की बात पर उन्होंने कहा की दोनों छपरा के रहने वाले हैं। दोनों का पहले से विवाद है, इसी क्रम में ये झगड़ा हुआ हैं। इस कारण बदनाम का प्रयास किया जा रहा है।

### बक्सर सीट पर बसपा के उम्मीदवार होंगे अनिल कुमार : राज्यसभा सांसद रामजी गौतम

# बहन मायावती के भरोसे को करूंगा साकार: अनिल

**केटी न्यूज/पटना**



जैसे-जैसे लोकसभा की रणभेड़ी बजने का वक्त करीब आ रहा है, वैसे-वैसे देश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। इसी बीच बिहार में बहुजन समाज पार्टी ने बक्सर लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। इस लोकसभा सीट से समाज सेवी और पार्टी के बिहार प्रभारी अनिल कुमार बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार होंगे। उक्त जानकारी आज पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बहुजन समाज पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि बहन मायावती ने बक्सर सीट पर अनिल कुमार को प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी बिहार के 40 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने जा रही है और इस बार बिहार में बीएसपी भी अपना ताकत दिखाएगी और बिहार में आपको बहुजन समाज पार्टी के सांसद दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के तमाम पदाधिकारी को बुलाकर एक बैठक की जा रही है और आने वाले चुनाव का जायजा लिया जा रहा है। पार्टी द्वारा बाकी सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर भी बैठक बुलाई गई है। बैठक खत्म होने के बाद पार्टी की एक स्क्रीनिंग कमेटी बनेगी, जो आने वाले दो तीन दिनों में कुछ नामों को घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा किसी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नही है। एनडीए और महागठबंधन दोनों बड़े-बड़े धन्ना सेठों की कठपुतली बनकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन जनता के साथ है, हम जनता के साथ गठबंधन कर रहे हैं और जनता के बीच जा रहे हैं। और प्रदेश के तमाम पदाधिकारी ग्राउंड लेवल पर जाकर सबको जोड़ने का काम कर रहे है। वहीं अनिल कुमार ने कहा मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बक्सर से कोई भी धुरंधर उतरे, उससे कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि बहन मायावती ने हमें पहले प्रभारी और अब प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो उम्मीदवार, बसपा हर जगह लड़ने की तैयारी की है। बसपा ग्राउंड लेवल पर काम किया है, और पार्टी पूरी ताकत से बिहार में चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बसपा इस बार बिहार में कुछ नया करेगी। इससे पहले सांसद रामजी गौतम ने कहा कि बक्सर में कोई कितना भी ताकतवर आदमी आ जाए इस बार उनको बक्सर में हर का सामना करना पड़ेगा और बीएसपी वहां से आगे बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि जनता को अगर भ्रष्टाचार खत्म करना है। गुंडागर्दी खत्म करनी है तो बिहार में बीएसपी को लाना होगा। मौके पर केंद्रीय प्रभारी श्रीकांत, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी लालजी मेधांकर, एडवोकेट सुरेश राव, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, डॉ रंजन पटेल, संजय मंडल, अमर आजाद, प्रमोद निराला इत्यादि मौजूद थे।



# बदला रहा मौसम: वायरल बीमारियों के चपेट में आ रहे बच्चे व बुजुर्ग

◆ मौसम परिवर्तन के कारण सरकारी अस्पतालों में बढ़ रही है मरीजों की तादाद

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव के कारण लोग वायरल इंफेक्शन से पीड़ित होने लगे हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव होने से बुखार, सर्दी-जुकाम व खांसी के मरीज इलाज कराने के लिए अनुमंडल अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच रहे है। इन अस्पतालों में हर दिन करीब 500 मरीजों का इलाज होता है। इसके अलावे निजी क्लीनिकों में ऐसे मरीजों की तादाद बढ़ी है। इधर कुछ दिनों से मौसम में लगातार जारी उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है जिस कारण बच्चे जहां सर्दी, खांसी, बुखार व वायरल निमोनियो की चपेट में आ रहे है। डॉ आरबी प्रसाद ने बताया कि अधिकांश मरीज मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसम में जिस तरह से बदलाव हो रहा है हर आयु वर्ग के लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे है।तापमान में जारी उतार-चढ़ाव इसकी मुख्य वजह है। दिन में धूप व रात में ठंड बढ़ जाने से लोगों के सेहत को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम से उतार-चढ़ाव संक्रामक बीमारियों के प्रसार को बढ़ावा दे रहा है। इस मौसम में बच्चों को संक्रामक रोगों का खतरा अधिक होता है। इस मौसम में बच्चों के नाक से पानी आना, सांस लेने में तकलीफ, कफ व खांसी व सोते समय सांसों में घर-घराहट की आवाज जैसी शिकायत आम है। शुरूआती अवस्था में उचित इलाज के अभाव में ये निमोनिया सहित अन्य गंभीर रोग का कारण बन सकता है।

**बच्चों की सेहत पर सबसे अधिक असर**

डॉक्टर ने बताया कि बदलते मौसम का सबसे अधिक असर कम उम्र के बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। बड़ों की तुलना में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इसलिये वे आसानी से तरह-तरह के संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। बच्चों में नाक से पानी आना, सांस लेने में तकलीफ, कफ-खांसी व सोते समय सांसों में घर-घराहट की आवाज जैसी शिकायत होती है। अगर शुरूआती दौर में ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये निमोनिया सहित अन्य गंभीर रोग का कारण बन सकता है।

**सेहत के प्रति सतर्क रहने की जरूरत**

बदलते मौसम में अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। खास कर बच्चे व बुजुर्गों के मामले में ये अधिक जरूरी है। ऐसे मौसम में शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ के सेवन को प्रमुखता देना चाहिये। इस मौसम में हरी पत्तेदार सब्जी सहित अन्य मौसमी फलों को सेवन अधिक करें। ताजा भोजन व हल्का गर्म पानी का सेवन करें जिससे संक्रमण की संभावना को कम करता है। धूप से आने पर अधिक ठंडे पानी के सेवन से परहेज करें। साफ सफाई पर ध्यान देने की जरूरत है। अधिक परेशानी होने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल इलाज कराना जरूरी है।

## एक नजर

### फॉलोअप: चिन्हित होने के बाद भी पकड़ से दूर है मंदिर में चोरी करने वाला गिरोह

**डुमरांव।** 23 फरवरी की रात नगर के बसवनी मंदिर से चोरों ने एमप्लीफायर समेत कई अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। इस मामले में मंदिर प्रबंधन द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद जांच में जुटी पुलिस ने तीन दिन बाद ही चोरी गए तीन एमप्लीफायर को बंझू डेरा के फुदेना यादव के घर से बरामद किया था। पुलिस ने फुदेना के पुत्र रवि यादव को मंदिर में चोरी करने के आरोप में चिन्हित किया था। लेकिन अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। रवि की गिरफ्तारी नहीं होने से एक तरफ शहर के श्रद्धालुओं में आक्रोश है तो दूसरी तरफ चोरी के कई अन्य मामलों के उद्भेदन भी बाधित हो रहा है। बता दें कि उसके घर से बसवनी मंदिर से चोरी गए उपकरणों के अलावे कई अन्य जगहों से चोरी हुए सामान भी बरामद हुए थे। जिसके बाद पुलिस को लगा था कि जल्दी ही चोरी के कई कांडो का उद्भेदन होगा। लेकिन आरोपित काफी शातिर निकला तथा अभी तक पुलिस के हाथ नहीं आया है। इस मामले में स्थानीय पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। अपर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की गई है। उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### विवाद में दंपति सहित चार की पिटाई, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय शहर के कपिलमुनि मार्ग स्थित बड़का अंगना मोहल्ले में विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के पति-पत्नी सहित दो बच्चों की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में बड़का अंगना निवासी गोल्डेन कुमार खरवार ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस को आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह खेत से घर आया, इसी दौरान मोहल्ले के रहने वाले पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, टेपु कुमार सहित एक अन्य लाठी-डंडे से लैस होकर घर मे घुस आये और मेरे सिर पर वार कर दिया। जब पत्नी बचाने आयी तो उसके सिर पर भी लाठी से वार किया गया। शोरगुल सुनकर मेरी बेटी और बेटा आये तो नामजदों ने उनकी भी पिटाई कर दी। आसपास के लोगों की मदद से जान बची। राहगीरों की मदद से अनुमंडल अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज किया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### हत्याकांड के आरोपी के घर हुई कुर्की जब्ती

**नावानगर।** बासुदेवा ओपी के आथर में हत्याकांड के आरोपी सुरेश सिंह उर्फ मलिक के घर पुलिस ने बुधवार को कुर्की जब्ती की। कुर्की जब्ती बासुदेवा ओपीध्यक्ष चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में किया गया। कुर्की जब्ती में घर का सारा सामान उठाकर पुलिस बासुदेवा ओपी ले गए। ओपीध्यक्ष ने बताया कि कुर्की जब्ती से पूर्व आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया था। जिसमें आरोपी को थाना या न्यायालय में उपस्थित होने का समय दिया गया था। निर्धारित समयावधि में आरोपी थाना या न्यायालय में हाजिर नहीं हुए, तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी। जिसमें घर में मौजूद सामान को जब्त किया गया है।

### कोरानसराय को प्रखंड बनाने का मुद्दा गरमाया

**डुमरांव।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। चुनावी समर को लेकर एक बार फिर कोरानसराय को प्रखंड बनाने का मुद्दा गरमाने लगा हैं। ग्रामीण इस मुद्दे को लेकर भावी उम्मीदवारों के बीच चर्चा शुरू कर दी है। ग्रामीणों की कोरानसराय को प्रखंड बनाने की मांग विगत एक दशकों से हैं। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड बनाने का प्रारूप भी तैयार हुआ था। इसकी कवायद फाइलो में बंद हो गयी, बावजूद जनप्रतिनिधियों के समक्ष चुनाव के दौरान यह मुद्दा नही बनते देख आम लोगो के बीच निराशा बनी हुई है। पंचायत समिति बोर्ड की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कोरानसराय को प्रखंड बनाने को लेकर मंथन किया था और इस मसले पर अपनी मंशा जाहिर की। पिछले बैठकों में इसके प्रारूप का खाका भी तैयार हुआ था, जिसमें आठ पंचायतो को शामिल किए जाने को लेकर रणनीति बनी थी। इन पंचायतो के जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताई थी लेकिन कई जनप्रतिनिधियों ने तकनीकी समस्या का हवाला देकर इस पर आपत्ति जताई थी। अगली बैठक में इस पर विशेष चर्चा करने की बात कही गयी थी और प्रारूप पर सहमति बनती तो कोरानसराय प्रखंड में आठ पंचायतो को जोड़ते हुए करीब 90 हजार लोगों को आर्थिक के साथ-साथ मानसिक परेशानी से निजात मिलता।

## खबरें फटाफट

### दसियांव में 6 मार्च को होगा मां जवरही महोत्सव

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव स्थित आरडीपी पब्लिक स्कूल के परिसर में 6 मार्च को मां जवरही महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दर्जनों नामचीन गायकों, कलाकारों एवं हस्तियों का जमावड़ा लगेगा। मां जवरही महोत्सव कार्यक्रम के व्यवस्थापक सौरभ पाठक एवं लिटिल एक्टर व गायक आर्यन बाबू ने बताया कि पहली बार दसियांव में भव्य जवरही महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 6 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम में भरत शर्मा, विष्णु ओझा,अरविंद अकेला कल्लू, विनय मिश्र, निशा उपाध्याय समेत अन्य दर्जनों गायक, गायिका, फिल्म अभिनेता, कलाकार, हस्तियां शामिल होंगे। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### मारपीट व छेड़खानी में आठ पर केस

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार गांव में जमीन पर अवैध कब्जा का विरोध करने पर नामजदों ने एक महिला की पिटाई करने के साथ ही उसके आबरू से खिलवाड़ का प्रयास किया। इस मामले में पीड़िता ने स्थानीय थाने में आठ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने मारपीट के साथ ही छेड़खानी करने का भी आरोप लगाई है और बताई है कि उनके ससुर को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है। इस मामले में कठार के शिव कुमार सिंह, देव कुमार सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### देसी शराब जब्त, दो धंधेबाज फरार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पियरा पोखरा के समीप पुलिस ने छापेमारी कर 15 लीटर देसी शराब पकड़ने में सफलता पायी है जबकि पुलिस को देखते ही दो धंधेबाज भागने में सफल रहें। पुलिस सूत्रों के अनुसार उनकी पहचान नया भोजपुर के पियरा पोखरा निवासी राजेंद्र राम के पुत्र उमेश राम और नंदजी राम के पुत्र पिंटू राम के रूप में हुई हैं। पुलिस दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना को लेकर बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पियरा पोखरा के समीप शराब बेची जा रही है। पुलिस ने एक टीम गठित कर रात्रि पहर वहां छापेमारी की, जहां से 15 लीटर देसी शराब बरामद हुआ।

## ऐतिहासिक किला मैदान में विश्वामित्र महोत्सव का हुआ भव्य उद्घाटन

# महर्षि विश्वामित्र ने ही प्रभु श्रीराम को बनाया था धर्नुविद्या में दक्ष : सांसद

◆ बिहार सरकार के कला संस्कृति व युवा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था महोत्सव

**केटी न्यूज/बक्सर**





बक्सर की धरती पावन है। यहां तपस्या करने वाले महर्षि विश्वामित्र ने ही प्रभु श्रीराम व उनके अनुज लक्ष्मण को धर्नुविद्या में दक्ष बनाया था। बक्सर की धरती आध्यात्मिक व पौराणिक रूप से काफी समृद्ध है। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को किला मैदान में कही। अवसर था बिहार सरकार के कला संस्कृति व युवा विभाग द्वारा आयोजित विश्वामित्र महोत्सव के उद्घाटन का। उन्होंने कहा कि बक्सर महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली रही है। यही पर रहकर उन्होंने ही पहली बार गायत्री महामंत्र का उच्चारण किया था। वे प्रभु श्रीराम तथा उनके भाई लक्ष्मण के गुरू भी रहे है। केन्द्रीय मंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बिहार सरकार, कला संस्कृति मंत्रालय व जिला प्रशासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को न सिर्फ आयोजित करवाया बल्कि कार्यक्रम में भव्यता लाने के लिए दर्जनों स्तरीय व चर्चित कलाकारों को आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि हमने यही पर प्रभु श्रीराम की दुनिया की सबसे विशाल मूर्ति बनाने का संकल्प लिया था और आज उनके गुरू रहे महर्षि विश्वामित्र का मंडपम भी सजा रहे है। यह हमारे के लिए सौभाग्य की बात है। इसके पूर्व केन्द्रीय मंत्री के साथ बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल, रांची हाई कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक, डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, नगर परिषद की चेयरमैन कमरून निशा, बक्सर सदर अंचल के सीओ आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

महोत्सव से युवाओं में महर्षि विश्वामित्र के प्रति बढ़ेगी रूचि :

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस आयोजन से युवाओं में महर्षि विश्वामित्र के प्रति जानने की ललक बढ़ेगी। युवाओं में अपने धर्म संस्कृति के प्रति चेतना जगाना भी इस कार्यक्रम का एक उदेश्य है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जब युवाओं में महर्षि विश्वामित्र के प्रति प्रेरणा जगेगी तो बक्सर फिर से ज्ञान विज्ञान का गढ़ बनेगा। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने तथा बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

**स्थानीय कलाकारों के लिए बेहतर मंच है यह महोत्सव:** वही डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि विश्वामित्र महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को तरजीह दी गई है। यह महोत्सव स्थानीय व उभरते कलाकारों के लिए एक बेहतरीन मंच साबित होगा तथा उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने के इससे बढ़िया मंच नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक सप्ताह पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। इसके अलावे कला व संगीत जगत से जुड़े लोगों ने भी इसे बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

### देर रात तक कलाकारों ने बिखेरा जलवा

कार्यक्रम में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहा। जिसमें स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुति रही। इसके अलावा बॉलीवुड के भी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी, लिटिल स्टार आर्यन बाबू ने खूब तालियां बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत स्पीड डांस ग्रुप से हुई। ताड़का वध नाटिका, लिटिल स्टार आर्यन बाबू, साकार कलाकृति डांस ग्रुप की प्रस्तुति, विनोद राठौर व चांदनी मुखर्जी की प्रस्तुति सहित कई अन्य कलाकारों व कला ग्रुपों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी।

## पुराना भोजपुर में कबाड़ के गोदाम में लगी आग, लाखों की हुई संपत्ति राख

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पुराना भोजपुर के मिशन स्कूल के समीप स्थित एक कबाड़ी की दुकान में आग लग गई। अगलगी की यह घटना सुबह के करीब चार बजे हुई जहां देखते ही देखते आग ने कबाड़ी में रखे लाखों रुपए के मूल्य के सामान को जलाकर राख कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव निवासी लाल गुप्ता चौरहिया पुल के पास मिशन स्कूल के समीप निजी जमीन में किराए पर कबाड़ी दुकान का संचालन करते हैं।

कबाड़ी में प्लास्टिक रिसाइकलिंग का भी काम होता है। ऐसे में भारी मात्रा में प्लास्टिक की बोतलें और अन्य कई सामान बिखरे हुए थे। लगी आग ने पूरे कबाड़ी परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी के कारणों का अबतक पता नही चल सका है। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की 4 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तबतक सबकुछ जलकर राख हो चुका था।

## अपराध की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार, कट्टा और कारतूस बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**



अपराधियों के खिलाफ बक्सर पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम अब रंग लाने लगी है। पुलिस की सक्रियता से न सिर्फ टॉप टेन में शामिल अपराधी पकड़े जा रहे है बल्कि अपराध की योजना बनाते नवोदित अपराधियों को भी पुलिस समय रहते पकड़ अपराधिक घटनाओं में पर लगाम लगा रही है। इसी कड़ी में सोनवर्षा ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना पर थानाक्षेत्र के सोनवर्षा पिपराढ़ पथ से अपराध की योजना बनाते दो अपराधियों को देशी कट्टा व तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी मनीष कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि सोनवर्षा पिपराढ़ पथ में दो अपराधी किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े है। उनके पास अवैध असलहे भी है। इस सूचना पर डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल छापेमारी करवाई गई। इस दौरान दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से कट्टा व कारतूस भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पिपराढ़ के शिवजी राम के पुत्र सचिन कुमार व किशुन राम के पुत्र नीतीश कुमार शामिल है। एसपी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी से समय रहते एक बड़ी अपराधिक घटना को रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में डुमरांव डीएसपी के अलावे सोनवर्षा ओपी प्रभारी निशा रानी, डीआईयू प्रभारी युसूफ अंसारी समेत सोनवर्षा ओपी व डीआईयू की टीम शामिल थी।






## राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई बौद्धिक विकास प्रतियोगिता

# बच्चों की बौद्धिक क्षमता से बदल सकती है समाज की तस्वीर: ब्रह्मा ठाकुर

**केटी न्यूज/डुमरांव**





स्थानीय राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में बुधवार को बच्चों के बीच बौद्धिक विकास की क्षमता के मापदंड को लेकर एक प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें बच्चों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता, वर्तनी लेखन, संक्षिप्त मूल्यांकन और कई विषयों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने प्रतिभा का परचम लहराया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर व प्रधानाचार्य वेंकटाशन सर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डायरेक्टर ने अपने संबोधन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर बल देते हुए कहा कि बेटे के पढ़ने से एक व्यक्ति को पढ़ता है, लेकिन एक बेटी को पढ़ाया जाए तो समझो एक पूरे खानदान की तस्वीर और तकदीर बदल सकती है। वही डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर ने कहा कि छात्रों के बौद्धिक स्तर उंचा होने से समाज की तस्वीर बदल सकती है। उन्होंने कहा कि पढ़े. लिखे बच्चें आगे चलकर देश व समाज की सेवा करते है। उन्होंने कहां कि पढ़ाई ही उन्हें अन्य से भिन्न बनाती है। उन्होंने बच्चों के बौद्धिक विकास को लेकर स्कूल द्वारा ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन पर शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भी भूमिका महत्वपूर्ण होनी चाहिए। बच्चों पर निगरानी करना भी हर माता-पिता का कर्तव्य है। डायरेक्टर ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए वे विद्यालय परिवार द्वारा समय समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि छात्रों को सिलेबस के अलावे गीत संगीत, खेलकूद व नैतिक शिक्षा के साथ ही आधुनिक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए क्वीज, वाद विवाद सहित कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। ताकी यहां से निकलने के बाद छात्र अपने जीवन में सफल हो सकें। स्कूल प्रबंधन द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। स्कूल के प्रतिभागी जुली, रिया, वैष्णवी, सुहानी, पीहू, सोनम, नव्या, रागिनी, कृतिका, संतु, हर्षित, सूर्यांश, श्रेयांश, साधना, युवराज सहित अन्य सफल छात्र-छात्राओं को प्रबंधन द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




# बालू के विवाद में मारपीट व फायरिंग, जेल जा चुके युवक को लगी गोली

♦ परिजन बोले: शौच करने गया था युवक, तभी लगी गोली, कारणों का पता नहीं

**केटी न्यूज/आरा**

कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक और नारायणपुर दियारा इलाके में बुधवार की सुबह दो गुटों के लड़के पूर्व के विवाद को लेकर भिड़ गए। उस दौरान मारपीट और फायरिंग भी हुई। उसमें तेलहन का बोझा लेने गये एक गुट के एक युवक को गोली लग गयी। गोली उसके बाएं साइड की पंजरी को छूते निकल गयी। उससे वह गंभीर रूप जख्मी हो गया। उसका इलाज शहर के आनंद नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक नारायणपुर गांव निवासी नगेंद्र राय का 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उर्फ विक्की कुमार है। पुलिस के अनुसार विकास कुमार उर्फ विक्की अपराधी प्रवृत्ति का युवक है। वह पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। पिछले दिनों कोईलवर थाना क्षेत्र में लूटपाट के दौरान एक ट्रक के खलासी को गोली मारने में भी इसका और उसके साथियों का हाथ रहा है। गोली मारे जाने की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। नगर थाने की पुलिस भी आनंद नगर स्थित अस्पताल पहुंची और जख्मी युवक के परिजन से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। युवक के परिजनों का कहना है कि गोली मारने के कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं पुलिस की जांच में बालू के विवाद में घटना होने की बात सामने आ रही है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि कोईलवर थाना क्षेत्र का विक्की राय नामक युवक आरा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में जख्मी अवस्था में एडमिट है। पुलिस त्वरित रूप से सूचना का सत्यापन करके हॉस्पिटल पहुंचती है। तब पता चला कि कोईलवर थाना क्षेत्र के नारायणपुर और कमालुचक के बीच विक्की राय सहित अन्य अपराधी लड़कों एवं दूसरे ग्रुप के बीच बालू को लेकर आपस में विवाद में मारपीट और फायरिंग हुई। उसमें विक्की राय घायल हो गया। सत्यापन में यह बात सामने आयी है कि जख्मी विक्की उस क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित रहता है। इसके खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट में कांड दर्ज हुआ है। वह उसमें जेल भी जा चुका है। उसके अलावा पिछले दिनों कोईलवर थाना क्षेत्र में लूटपाट के दौरान एक ट्रक के खलासी के साथ मारपीट व गोली मारने में भी विक्की और इसके साथियों का हाथ रहा है। पूरे मामले का सत्यापन करते हुए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। छापामारी शुरू कर दी गई है।



आर्म्स एक्ट में युवक को हुई थी जेल

## एक नजर

### बिहार विभूति के प्रतिमा का पुर्व राज्यपाल ने किया लोकार्पण

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद स्थित सच्चिदानंद सिंहा महाविद्यालय परिसर में आज राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, सांसद सुशील कुमार सिंह, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही और प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने कहा कि जब भारत की स्वाधीनता की लड़ाई चल रही थी तो, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह ऐसे वीर सपूत थे जो भारत की आजादी के लिए मर मिटने को तैयार थे। वे आधुनिक बिहार के निमार्ताओं में से एक थे। लोकप्रियता के कारण उन्हें बिहार विभूति के रूप में जाना गया। उन्होंने बिहार के हित में काफी काम किया। उनके बताए मार्ग पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है। कुलपति शशि प्रताप शाही ने कहा कि अनुग्रह बाबू राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनन्य सहयोगी थे। बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा की प्रतिमा भी शीघ्र स्थापित की जाएगी। श्री शाही ने कहा कि महाविद्यालय के लिए भूमि दाताओं का योगदान सराहनीय कार्य हैं। यह एक पुनीत कार्य हैं। यदि किसी कारण वश आज तक भूमि दाताओं को महाविद्यालय के किसी कार्यक्रम में सम्मानित नहीं किया गया या बुलाया नहीं गया तो प्राचार्य से चाहूंगा की आगे से जो भी महाविद्यालय में कार्यक्रम में उन्हें ससम्मान बुलाया जाए और यथोचित सम्मान दिया जाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर प्रो. अनिल कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, मनोज सिंह, राजद ज़िला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, जिला पार्षद अनील यादव, संजय यादव, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, राजद जिला महामंत्री मुकेश सिंह, कुटुम्बा विधानसभा प्रभारी उदय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजपा नेता सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुशवाहा, टनटन सिंह, चन्दन गिरि, अक्षय पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



भूमि दाताओं में मिलेगा सम्मान : कुलपति

### 75 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेवाज गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** गोह पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए महुआ शराब के साथ दो धंधेवाज को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि बाइक पर शराब लेकर दो युवक जा रहा है सत्यापन को लेकर जब पुलिस गश्त टीम निकली तो पौथू के तरफ से आ रहा बाइक से जा रहे दो युवक को बम्बई कुट्टी व घेजना के बीच रास्ते मे रोककर तलासी ली गई तो दोनो बाइक पर रखकर बोरा में बंधा हुआ दो बड़ा जार में 75 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। वही दोनो धंधेवाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पहला युवक की पहचान अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी अमित कुमार के रूप में की गई है।वहीं दूसरे युवक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के कोईलवा गांव निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई है। मामले में एसआई अजय कुमार सिंह के बयान पर कांड संख्या 40/ 24 दर्ज किया गया है. जिसमें गिरफ्तार अमित कुमार ,चंदन कुमार सहित दोनों बाइक मलिक को आरोपी बनाते हुए पुलिस दोनो बाइक को जब्त कर मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

## खबरें फटाफट

### रास्ते को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में मारपीट, प्राथमिक की दर्ज

**औरंगाबाद।** गोह थाना मुख्यालय में मकान निर्माण के दौरान रास्ता को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित युवक गोह निवासी पंकज कुमार गुप्ता ने बताया है कि मेरा घर का निर्माण कार्य चल रहा था इसी दौरान रास्ता को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि गांव के ही मुकेश प्रजापत, राजेश प्रजापत सहित अन्य लोग आये और मारपीट करने लगे जब बीच बचाव करने मेरी मां बेबी देवी वहां पहुंची तो इन लोगों ने मेरी मां के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार करने लगा थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पंकज कुमार गुप्ता के बयान पर कांड संख्या 41/ 23 दर्ज किया गया है जिसमें मुकेश प्रजापत ,राजेश प्रजापत सहित चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

### पुलिस दिवस पर मदनपुर पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**मदनपुर।** बिहार पुलिस दिवस पर बुधवार को मदनपुर थाना की पुलिस ने क्षेत्र मे लोगों के बिच जन जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस – पब्लिक के बिच बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने के आह्वाहन के साथ अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने मे सहयोग, क्षेत्र मे आपसी सौहार्द बनाये रखने एवं पुलिस द्वारा आम लोगों के हित मे दी जाने वाली सुविधाओं के विषय मे जागरूक किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि,जनता का विश्वास हासिल करना हमारा संकल्प है। उन्होंने बताया कि,वर्ष 2024 के लिए बिहार पुलिस के पांच प्रण निर्धारित किये गये है जिसमें शिकायत दर्ज कर वादी को प्राप्ति रशीद उपलब्ध कराना, महिला अपराध की सुनवाई से लेकर करवाई के लिए 112 पर डायल करना आदि शामिल है।

## बीमार महिला से मिलने बिहिया स्थित पीएचसी जाने के दौरान हुआ हादसा

# भोजपुर: ट्रेन की चपेट में आने से बेटे समेत आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता की दर्दनाक मौत

♦ दानापुर- पीडीडीयू रेलखंड पर सिकरियां हाल्ट के समीप बुधवार की सुबह की घटना

**केटी न्यूज/आरा।**

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बनाही स्टेशन और सिकरियां हॉल्ट के बीच सोमवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता और उनके बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। बिहिया पीएचसी जाने के दौरान ट्रैक पार करने में दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। उससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसा इतना दर्दनाक था कि दोनों मां-बेटे का शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। मृतकों में तीयर थाना क्षेत्र के योगीवीर गांव निवासी अयोध्या शर्मा की 48 वषीर्या पत्नी लालमुनी देवी और 27 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार शर्मा शामिल हैं। सुजीत कुमार शर्मा वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा था। अयोध्या शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी लालमुनी देवी बिहिया पीएचसी में आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पर थी। मंगलवार को उन्होंने अपने गांव के ही एक महिला का ऑपरेशन बिहिया पीएचसी में कराया था। उसी को देखने वह बुधवार की सुबह वह बेटे सुजीत कुमार शर्मा के साथ बिहिया पीएचसी जा रही थी। उस दौरान दोनों सिकरियां हॉल्ट पर ट्रेन जा पहुंची थी। उस बीच डाउन लाइन पर ट्रेन आ गई। उससे दोनों घबरा कर अप लाइन की ओर जाने लगी। उसी समय अप लाइन पर भी ट्रेन आ गई। उससे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर वे लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। रेल पुलिस भी पहुंची और दोनों शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।



**मां-बेटे की मौत से घर में कोहराम, गांव का माहौल गमगीन**

आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता और उनके बेटे की एक साथ मौत से उनके घर में कोहराम मच गया है। घर के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। सबसे बुरा हाल अयोध्या शर्मा की थी। एक ही झटके में उनकी पत्नी और पुत्र बिछड़ गये। हादसे के बाद वह दोनों शवों के पास बिलख रहे थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह दोनों खुशी-खुशी घर से निकले थे। तब किसी को पता नहीं था कि इतना बड़ा भी हादसा हो जायेगा। दोनों के घर से जाने के बाद वह भी खेत की ओर चले गए थे। दोनों पीएचसी पहुंचे कि नहीं, यह जानने के लिए कॉल भी कर रहे थे। लेकिन फोन नहीं लग रहा था। कुछ देर के बाद ही स्थानीय लोगों द्वारा हादसे की सूचना दी गयी। बताया जा रहा है कि अयोध्या शर्मा और लालपरी देवी को छह बेटे थे। उनमें सुजीत कुमार शर्मा चौथे स्थान पर था।

### शिक्षक का असकस्मिक निधन,शोक की लहर

**औरंगाबाद।** देवकुंड थानाक्षेत्र के श्री सिंह उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक दिप



नारायण सिंह का आकस्मिक निधन मंगलवार की अहले तीन बजे हो गई।वे 75 वर्ष के थे।उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षाविदों में शोक की लहर ब्याप्त है। बुधवार को बिद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं,शिक्षक व शिक्षकेतर परिवार ने उनकी आत्मा की शान्ति को लेकर दो मिन्ट का मौन धारण किया।उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कपिलदेव सिंह ने कहा कि स्व सिंह जबतक बिद्यालय में रहे सच्ची ईमानदारी व कर्तब्यनिष्ट के साथ बच्चो के बीच शिक्षा का अलख जगाते हुए बिद्यालय को अग्रसारित किया। वे जब सेवानिवृत्त हुए उसके बाद भी बच्चो के बीच हमेशा शिक्षा देते रहे।शोक सभा में प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक कुमार ,पूर्व प्रधानाध्यापक कपिल देव सिंह , पूर्व शिक्षक रामजन्म सिंह, शिक्षक सफदर इमाम खा आदि मौजूद थे।

# दो हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

हत्याकांड कांड में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को मदनपुर थाना की पुलिस ने नावाडीह गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों मे उस गांव निवासी अर्जुन भुइयां के पुत्र पिंटू कुमार एवं पिंटू कुमार की पत्नी पूजा कुमारी शामिल है। बताते चलें कि 28 नवंबर 2023 को आपसी विवाद मे नावाडीह निवासी अर्जुन राम भुइयां को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था जिनकी मौत मगध मेडिकल कॉलेज गया में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक के पुत्र धनंजय भुइयां के द्वारा 13 लोगों के खिलाफ थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें दोनों पकड़े गए आरोपित कई महीनों से फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि उक्त दोनो अभियुक्तों सूचना के आधार पर छापेमारी की गई जिसमें दोनों पकड़े गए, इसके बाद दोनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर में टक्कर, 4 वर्षीय बच्ची की मौत

**जहानाबाद।** मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर में हुआ टक्कर 4 वर्षीय बच्ची की मौत यह घटना नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव के समीप का है । कोमली कुमारी अपने मामू के साथ जहानाबाद से डॉक्टर से दिखाकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुल्तानपुर गांव जा रही थी, जैसे ही बभना गांव के समीप पहुंचा विपरीत दिशा से ट्रैक्टर आ रही थी। जिसने जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया जिसके कारण बच्ची की मौत घटना स्थल परी हो गई ,इस घटना की सूचना मृतक के परिवार जनों को दिया गया। आक्रोशित ग्रामीण जहानाबाद अरवल सड़क को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम रहा जिसके कारण वाहन की लंबी कतार लग गई।आसपास के लोगों के सहयोग से ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है लेकिन घटना को अंजाम देने वाला चालक मौके से फरार हो गया, इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई मौके पर नगर थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा मौके पर पहुंचकर लोगों को समझो जाम को हटाया।

# डकैती योजना बना रहे पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 28 जिंदा कारतूस भी बरामद

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है जहां हथियार के साथ 5 अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी देते हुए अपने कार्यालय में एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि डकैती की योजना बना रहे 5 अपराधी गिरफ्तार हुए हैं इसके पास से दो पिस्टल 28 जिंदा कारतूस एवं एक थरनत बरामद किया गया है उन्होंने बताया कि मखदुमपुर थाने के पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी की एक व्यक्ति को गोली लगी है वह व्यक्ति पालेया गांव का निवासी है इसी सूचना के आधार पर जब पुलिस पालेया गांव पहुंची गोलू कुमार नामक को गोली लगी है। जब पुलिस द्वारा पूछताछ किया गया तो उन्होंने बताया कि हम लोग पांच साथी लवकुश कुमार अमन कुमार संजीवन कुमार छोटू कुमार सभी लोग गांव के बधार में केबिन पर बैठकर डकैती योजना बना रहे थे ,इसी में हथियार को हम लोग चेक करने लगे तभी गोली लग गई इस सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापामारी किया गया जिसमें 5 अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है और इसके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पूछताछ किया जा रहा है कि लोग हथियार कहां से लाते है।इनका अपराधी इतिहास भी खंगहाला जा रहा है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।



# 48 लाख 67 हजार गमण के मामले में वितेक्षक गिरफ्तार

♦ अस्वस्थ्य होने के कारण पुलिस अभिरक्षा में गया में चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह थानाक्षेत्र के ठाकुर बीड़ी सिन्हा जनता महाविद्यालय अकौना में पिछले वर्ष हुए गमण के मामले के आरोपी वितेक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गोह थाना कांड संख्या 303/22में 48 लाख 67 हजार रुपये गमण के मामले में आरोपी सुधीर कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। जब उन्हें गिरफ्तार कर थाना लाया गया तो उन्होंने अपने स्वास्थ्य को खराब बताया इसके बाद पुलिस अभीरक्षा में उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज गया में इलाज कराया जा रहा है। गौरतलब हो की 2019 से लेकर अगस्त 2023तक सुधीर कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश ठाकुर बीड़ी सिन्हा महाबिधायल अकौना में वितेक्षक के पद पर तैनात थे।आरोप था कि कॉउंटेर से जो पैसा कलेक्शन हुआ था जो साजिस के तहत सभी पैसा अपने घर ले गए थे। उसके बाद कई कर्मियों की मिलीभगत से सारे पैसा गमन कर दिया था। जिसके बाद प्राचार्य डॉ भोलानाथ सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

### कई महीनो से फरार शराब धंधेवाज गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी करते हुए कई महीनो से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया की शेखपुरा गांव निवासी लक्ष्मण साव के घर से कई महीनो पूर्व महुआ शराब बरामद की गई थी। तब से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर उसके घर में छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया गया जिसे जेल भेज दिया गया है।






# साइबर क्राइम से बचने का जागरूकता ही एक मात्र उपाय: सांसद

♦ पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री ने साइबर थाने का किया वर्चुअल उद्घाटन

**केटी न्यूज/बलिया**



पुलिस लाइन में बुधवार की दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइबर थाने का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, डीएम रविंद्र कुमार व एसपी देवरंजन वर्मा मौजूद रहे। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले फ्रॉड साइबर क्राइम की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम से बचने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका इसके प्रति जागरूकता फैलाना है। जानकारी दी कि सरकार द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया के माध्यम से लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का निरन्तर कार्य किया जा रहा है। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसके लिए संवाद यानी जागरूकता की महत्ता को रेखांकित किया है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झां, क्षेत्राधिकारी सदर शुभ सुचित, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना नदीम अहमद मौजूद रहे।

गड़वार प्रतिनिधि के अनुसार साइबर क्राइम के 57थानों व प्रदेश के सभी थानों पर बने साइबर सेल के मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल उद्घाटन का सीधा प्रसारण गड़वार थाना परिसर में दिखाया गया। वहीं उपस्थित जनों ने मुख्यमंत्री के वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा उद्बोधन को सुना। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ल ने उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम व अन्य फ्राड के अंतरों को साझा करते हुए इससे बचाव के उपाय बताए। कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले फ्राड साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं।कहा कि साइबर अपराध से बचने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका इसके प्रति जागरूकता फैलाना है।सरकार द्वारा प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया के माध्यम से लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष आनन्द प्रकाश सिंह,अजय सोनी,वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश सिंह,रतसर चौकी प्रभारी परमानन्द त्रिपाठी,ताखा चौकी प्रभारी संतोष यादव,राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी,पुलिस कर्मी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### हत्या के मामले में 10 वर्ष का कारावास

बलिया। गैर इरादतन हत्या के मामले सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 25 हजार 700 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा ना करने की स्थिति में आरोपी को छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आरोपी का नाम पन्नालाल पुत्र सुदामा तेली निवासी बैरिया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2000 में बैरिया थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 25 हजार 700 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा ना करने की स्थिति में आरोपी को छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### 15 लाख के गहने पर चोरों ने किया हाथ साफ

बलिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के सतनीसराय चौकी अंतर्गत गोपाल विहार कॉलोनी में एसआई सुरेश तिवारी के घर मंगलवार की शाम चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण व हजारों रुपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि मां- बेटी शाम को बाजार सब्जी लाने गई। इसी बीच चोरों ने घटना को अंजाम दिया। बता दें कि शहर कोतवाली के सतनीसराय चौकी अंतर्गत गोपाल विहार कॉलोनी निवासी सुरेश तिवारी चंदौली में उत्तर प्रदेश पुलिस एसआई के पद पर तैनात है। घर पर पत्नी और पुत्री शिवांगी रहती है। मंगलवार की शाम करीब मां-बेटी घर मे ताला बन्दकर बाजार सब्जी लेने के लिए गई। इसके बाद चोर घर का ताला तोड़कर कमरे के आलमारी में रखा करीब??? 15 लाख रुपए का आभूषण और 40000 नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार के मोबाइल पर किसी पड़ोसी ने सूचना दिया कि आपके मकान के गेट का ताला खुला हुआ है। सूचना मिलते ही मां-बेटी बाजार से घर पहुंची। जब अंदर जाकर देखा तो आभूषण और नकदी गायब है और सामान घर के अंदर बिखरा पड़ा हुआ है। पीड़ित ने अपने पति और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज किया।

## सीएम ने वर्चुवल लाइव प्रसारण के माध्यम से यूपी पुलिस अवस्थापना को दिए बजट

# 2,310 करोड़ से अधिक के 144 निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से (वर्चुवल) लाइव प्रसारण के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए। 2, 310 करोड़ से अधिक के 144 निर्माण कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास तथा 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई थानो की सौगात दी।

इसी क्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद के आठ थानो में बैरक/हास्टल/विवेचना कक्ष/साईबर सेल का निर्माण कार्य हेतु थाना गहमर से उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी ने शासन की इस महत्वाकाक्षी योजनाओं एवं परियोजाओ का शासन-प्रसाशन, मुख्यमंत्री एवं पुलिस विभाग को बधाई देते हुए आभार व्यक्त की, तथा उन्होंने कहा कि इससे पुलिस विभाग अपना बेहतर कार्य करेगी। पुलिस विभाग शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है जिससे हमारे जनपद में भी निवेशको की संख्या बढ़ी है। इसको धरातल पर लाने के लिए वातावरण बनाया गया है। पूर्व में ग्राउंड सेरमनी में लगभग 600 करोड़ की परियोजना धरातल पर आयी है। जो विछले वर्ष एमएयू साइन हुआ था तभी सम्भव हुआ है। जब लोगो को विश्वास हुआ है कि हम उत्तर प्रदेश में और जनपद गाजीपुर में भी बिजनेश करेगे तो हमरा विजनेस एवं निवेश सुरक्षित है। इस अभूतपूर्व कार्य के लिए मै मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करती हूॅ और जनपद के पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में कार्य सम्पन्न किया गया है। इस कार्य को विशेष ध्यान में रखते हुए बेसिक इन्फ्रास्टेज्क्टर को कैसे विकसित किया जाय हर थाने का उन्होंने कायाकल्प कराया है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक को कोटी-कोटी बधाई देती हूं और इन सब सुविधाओं को धरातल पर लाने के लिए अधि0अभि0 पीडब्लूडी को धन्यावाद देते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराकरा गुणवत्ता को बनाए रखा। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जो लोग भी इसका प्रयोग करेगे वे इसकी गुणवत्ता को बनाये रखेंगे। इस बहुत खुशी के अवसर पर जनपदवासियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई दी।

### पुलिस विभाग के निधि द्वारा चल रहे हैंनिर्माण कार्य

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के पधारे हुए महानुभाव एवं पत्रकार बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने जो देखा यह एक हिस्सा मात्र था इसके पहले जनपद में 27 थाने है 26 सामान्य थाने 01 महिला थाना है और सभी थानो पर मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार आधारभूत संरचना का निर्माण हुआ है। इसमे 16 से 32 सीट के हास्टल है आज जिनका हुआ वह 16 थे इसके अलावा एक कार्यक्रम हो चुका है। जिसमें काफी थानो के शिलान्यास हो चुके है। इसी के साथ-साथ विवेचना कक्षों का भी निर्माण हुआ है। इसके अलावा शासन से मिले पुलिस विभाग के निधि द्वारा निर्माण कार्य चल रहे है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थानो का उपयोग सर्वप्रथम जनता का है। इससे सभी को लाभ मिलेगा कोई भी व्यक्ति पहुचने के बाद वापस नही जायेगा शिकायत का तत्काल निस्तारण किया जायेगा। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी फरीयादी अपनी शिकायत लेकर थाने या चौकी पर आता है तो उसके साथ सामान्य व्यवहार किया जाय जिससे उसे न्याय मिल सके। आगामी चुनाव को देखते हुए कहा कि यह चुनाव पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से कराया जायेगा यदि चुनाव के दौरान चुनाव कार्य में किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न करना है तो वह पूरे प्रसाशनिक व्यवस्था का दोषी होगा, उसके विरूद्ध कठोरत्तम कार्यवाही की जायेगी। साईबर से सम्बन्धित कोई भी कार्य हो तो आज से जनपद में प्रारम्भ हो गया है। अगर आपके बिना जानकारी के खाते से किसी अन्य खाते में पैसा ट्रान्सफर हो गया है या किसी के माध्यम से फ्राड किया जा रहा हो तो साईबर क्राइम के अन्तर्गत आता है जो आपके दूर हो तो तत्काल टोल-फ्री नम्बर -1930 पेन इण्डिया नम्बर है जो तत्काल शेयर कर सकते है तो आपका पैसा एक बढ़ी हानी या नुकसान से बच सकते है।

## एक नजर

### 106 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को किया गया प्रमोटेड, बनाया गया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता




**गाजीपुर।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा विभाग में पूर्व से कार्यरत आंगनवाड़ी सहायिका को प्रमोशन देकर उन्हें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बनाया गया। जिसके लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं गाजीपुर में नियुक्ति पत्र वितरण का आयोजन गाजीपुर के राइफल क्लब में जिला अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल रही। इस दौरान कुल 106 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि जनपद के 4127 आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से कुपोषित को सुपोषित करने और गर्भवती महिलाओं की पोषण की देख- रेख के लिए विभाग के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसमें तेजी लाने के लिए शासन के निर्देश पर अगस्त महीने में 709 आंगनबाड़ी सहायिकाओं से आवेदन लेकर आरक्षण प्रक्रिया के तहत लिस्ट को प्रमोशन हेतु शासन को भेजा गया था। जहां से 175 को सेलेक्ट कर लिस्ट जनपद को भेजा गया। वही एक बार फिर जनपद स्तर पर जब स्कूटनी कराई गई तब 106 पत्र निकाल कर आए। जिन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनाए जाने को लेकर नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बात का ध्यान रखा गया है कि उक्त कार्यकर्ता उक्त केंद्र का या फिर उस गांव के आसपास के रहने वाली हो।उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को पोषण ट्रैक्टर पर कार्य करने के लिए शासन के द्वारा मोबाइल दिया जाता है। जो पूर्व में ही विभाग को प्राप्त हो चुका है । अब इन सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं को अगले एक सप्ताह में प्रशिक्षण देकर इन लोगों को मोबाइल वितरित कर दिया जाएगा।

### जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए: डीएम

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी देव रंजन वर्मा ने बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी कारागार अधीक्षक (जेलर) से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नास्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। डीएम व एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों से संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और उसका निराकरण करवाएं ।किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने संबंधित अधिकारी पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कारागार अधीक्षक (जेलर) राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



### पिता की हत्या के बाद स्कूल प्रबंधक की बेटी को जान से मारने की धमकी

**गाजीपुर।** जनपद के जमानिया कोतवाली क्षेत्र नगर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रेशु जालान को जान से मारने की धमकी मिली है। जिसकी लिखित तहरीर उन्होंने कोतवाली में दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि सेंट्रल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक रेशु जालान ने बताया कि मेरे पिता स्व संतोष जालान कि हत्या दिनदहाड़े 28 जुलाई 2015 को हरपुर गांव का रहने वाले लालू यादव ने किया था। लालू यादव ने मेरे पिता के नाम से बबनपुर मौजा में करीब 9 बिगहा जमीन कब्जा कर रखा है और जान से मारने की धमकी देता रहता है। उन्होंने बताया कि लालू आपराधिक प्रवृत्ति का है और कुख्यात अपराधी है। इसके ऊपर विभिन्न धाराओं में थाना जमानिया, सुहवल, मुगलसराय, चंदौली आदि स्थानों पर हत्या, लुट, अपहरण कई संगीन अपराध पंजीकृत है और कई बार जेल भी जा चुका है। वर्तमान समय में खुले आम घुम रहा है। जिससे लगातार भय बना रहता है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम जी यादव ने बताया कि रेशु जालान की तहरीर पर हरपुर गांव निवासी लालू यादव के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि लालू यादव हिस्ट्रीशीटर है। जिला बदर की भी कार्रवाई की जा चुकी है। इस मामले की जांच की जा रही है।

### पत्रावलियों में आर्डर शीट ना बनने से डीएम हुए नाराज, लगाई क्लास

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार बुधवार को वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सदर तहसील का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यालय उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, एवं रजिस्ट्रार कानूनगो, न्यायिक कार्यालय, राजस्व और संग्रह अभिलेखागार का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी सबसे पहले उपजिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर पेशकार से मांगकर धारा 107, 116 की पत्रावलियों की जांच की। पत्रावलियों में आर्डर शीट नहीं बनाने के कारण उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया और सभी पत्रावलियों के प्रॉपर तरीके से ऑर्डर शीट बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने 6 महीने से ज्यादा समय से लंबित वादों की फाइलों को भी देखा। कार्यालय नायब तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 35 दिनों से कम समय के अविवादित लंबित मामलों की संख्या अधिक पाए जाने और ऐसे मामलों का निस्तारण में सहयोग न करने पर पेशकार (राजस्व निरीक्षक) को स्पष्टीकरण देने और विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। राजस्व लिपिक के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 20 तारीख के बाद के मामले रजिस्टर में दर्ज न करने और रजिस्टर अद्यतन ना होने पर राजस्व लिपिक पर विभागीय कार्रवाई और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।




## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ले जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

# मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए सुनिश्चित हो आवश्यक व्यवस्थाएं

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तैयारियों के दृष्टिगत चुनाव से जुड़े समस्त अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला अधिकारियों को उनके संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का निरीक्षण कर कम मतदान हेतु कारणों का पता करते हुए मतदान वृद्धि हेतु आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले भूतों पर स्वीप एक्टिविटी बढ़ाते हुए मतदाता जागरूकता के माध्यम से मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु प्रयास करने को कहा। जिलाधिकारी ने विशेष कर मतदाता सूची में नाम दर्ज न करा पाने वाले युवा, महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदाता सूची में सम्मिलित कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को इलेक्शन मोड में कार्य प्रारंभ करने को कहा। साथ ही माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियो को बूथों पर आयोग के दिशा निर्देशानुसार समस्त सुविधाओ की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित कर लेने को कहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों का चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका को इंगित करते हुए चुनाव की संवेदनशीलता के दृष्टिगत पूर्व में ही सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त क्षेत्राधिकारियों को संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपराध प्रवृति के लोगों का चिन्हीकरण करते हुए तत्काल कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे चिन्हित समस्त हिस्ट्री सीटर लोगों के खिलाफ पूर्व में ही निवारक कार्यवाहियां। पूर्ण कर लेने को कहा, जिससे चुनाव के दौरान ऐसे लोग गड़बड़ी न फैला सके। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदान पर्चियां के वितरण का फीडबैक लेने एवं फर्जी वोटिंग रोकने हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर लेने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव से जुड़े समस्त अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का गहनता से अध्ययन करते हुए उसका अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे चुनाव को आसानी से सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों को भी उनको सौंपे गए दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया।

# भारत विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ा आगे, इसरो ने रचा इतिहासः प्रमोद वर्मा

♦ राष्ट्रीय वैज्ञानिक दिवस पर पांच से लेकर कक्षा नौ तक के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



आज शहीद इंटर कॉलेज जखनियां पर राष्ट्रीय वैज्ञानिक दिवस पर कक्षा पांच से लेकर कक्षा नौ तक के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जिसका उद्घाटन व अवलोकन भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, एचडीएफसी बैंक प्रबंधक अमित कुमार, जखनिया ग्राम प्रधान नंदू गुप्ता, विद्यालय प्रबंधक विनोद पांडेय, प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा के द्वारा किया गया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उनके द्वारा बनाए गए उपकरणों को देखकर अतिथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और भविष्य में उनको आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया।

उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा यह राष्ट्रीय वैज्ञानिक दिवस भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर सीवी रमन के 28 फरवरी 1928 को विज्ञान जगत के रमन इफैक्ट्स की खोज के कारण मनाया जाता है। यह पहला अवसर था जब किसी भारतीय वैज्ञानिक को विज्ञान के लिए 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला था। बाद में जब भारत स्वतंत्र हुआ तो 1954 में उनको भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। डॉ सीवी रमन के इसी खोज के सम्मान में देश के युवा वैज्ञानिकों और बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

प्रमोद वर्मा जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ ने कहा आज देश अपने होनहार वैज्ञानिकों की वजह से इसरो के क्षेत्र में कई कृतिमान स्थापित किए हैं। आज अपना भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन के कारण जो कभी दूसरे देशों पर प्रौद्योगिकी में आश्रित रहता था आज स्वयं सैकड़ो सैटलाइटों का प्रक्षेपण कर रहा है। देश ने अपने होनहार वैज्ञानिकों के वजह से पहली बार चंद्रयान की सफल लैंडिंग दक्षिणी ध्रुव पर कराई और वर्तमान में अब अपना भारत अपने स्वदेशी तकनीक के आधार पर गगनयान भेजने जा रहा है। यह भारत के लिए और यहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। वर्मा ने उपस्थित सुमंत नैतिक वर्मा ज्योति गुप्ता आराधना कुशवाहा सहित सभी बच्चों के प्रोजेक्ट को देखकर उनके उज्वल भविष्य की कामना और उनको शुभकामनाएं दिया। सभी बच्चों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वाइस प्रधानाध्यापक लाल बहादुर पांडेय, विजय यादव, जयचंद, राजेश चौहान, सिकंदर कुमार, विनोद कुशवाहा, अशोक मौर्य, पवन पांडेय, सुजीत यादव, मनोज पांडेय, प्रभाचंद यादव, कृष्णा पांडेय सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।

## एक नजर

### क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा विधायको का सपा कार्यकर्ता ने गद्दार लिखा लगाया पोस्टर




**जौनपुर।** सपा के विधायकों द्वारा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग से नाराज सपा कार्यकर्ता ने कलक्ट्रेट परिसर में बैनर लगाकर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के फोटो लगाकर उस पर गद्दार लिखा। कलक्ट्रेट परिसर में इसे देखने के लिए लोगो जमघट लग गया। मामले की जानकारी देते हुए सपा कार्यकर्ता रजनीश मिश्रा ने बताया कि आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की देन है कि आज यह लोग विधायक बने है यह जिस थाली में खाये उसी में छेद कर दिए।इन सबने पार्टी के साथ छलावा किया है कार्यकर्ता इस कृत्य से बहुत ही नाराज है जनता इनको माफ नही करेगी।उम्मीद है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इनके ऊपर जरूर कार्यवाही करेंगे। क्रॉस वोटिंग करने वाले समाजवादी पार्टी के विधायको अभय सिंह,मनोज पांडेय,राकेश प्रताप सिंह, राकेश पांडेय का सपा के कार्यकर्ता रजनीश मिश्रा ने गद्दार लिखा हुआ इन सभी विधायकों का फोटो लगा बैनर कलक्ट्रेट परिसर में सार्वजनिक रूप से लगाया।जिसको देखने के लिए कलक्ट्रेट परिसर में लोगो की भीड़ जमा हो गयी।

### जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार तथा बृद्धा श्रम का किया गया निरीक्षण

**मऊ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निदेशों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश रामेश्वर के मार्गदर्शन में जिला कारागार मऊ एवं वृद्धाश्रम जमीन बरामदपुर मु0बाद गोहना का निरीक्षण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समाज कल्याण अधिकारी एवं लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के अधिवक्तागण द्वारा वृद्धश्रम में उपस्थित जन को वृद्धजन, दिव्यागजन के अधिकार व संरक्षण, एवं सरकार द्वारा संचालित समाज कल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.03.2024 मे मामलों के सहज निस्तारण बाबत जानकारी प्रदान की गयी। अभिनय कुमार मिश्रा ने किंग इडेन स्कूल के बच्चों एवं प्रबंधक को वृद्धजन के प्रति सेवा, सम्मान के भाव की प्रंशसा कर प्रोत्साहित किया एवं संवासित वृद्धजन से मिलकर उनकी समस्या को सुना और उनकी समस्या के निवारण हेतु प्रबंधक वृद्धाश्रम एवं समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक विधिक निर्देश प्रदान किया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बन्दियों के विधिक सहायता और जेल ई-लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले के निस्तारण के बाबत पी0एल0वी0 एवं अधीक्षक जिला कारागार को विधिक सहायता हेतु लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से सामन्जस्य एवं सहयोग के बाबत आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया।

### बाल निकेतन रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले फोरलेन ओवरब्रिज के निर्माण प्रक्रिया शुरू

**मऊ।** शहर के बहुप्रतीक्षित बाल निकेतन रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले फोरलेन ओभर ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया ब्रिज कॉरपोरेशन ने शुरू कर दी है। विभाग के इंजीनियरों की तरफ से चिह्नित रेलवे क्रॉसिंग के पश्चिम तरफ मशीन को लगा दिया गया। वहां काम पूरा होने के बाद दूसरे ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई। निगम के इंजीनियरों ने नाप-जोख कर उन विभिन्न स्थानों को चिह्नित किया है। मंगलवार को सेतु निगम के इंजीनियरों ने चिह्नित रेलवे क्रॉसिंग के पश्चिम तरफ मशीन को लगा दिया। अधिकारियों के अनुसार, यह ओवरब्रिज जनपद में बने सभी ओवरब्रिज से अलग फोरलेन का होगा। दो ब्रिज दो-दो लेन के बनाए जाएंगे। एक टू लेन का ओवरब्रिज रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए रोडवेज से ढ़ेकुलिया घाट पुल तक बनेगा, जबकि दूसरा रोडवेज और सदर चौक को जोड़ेगा।

## खबरें फटाफट

### डॉ सुधीर की पुस्तक का हुआ विमोचन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधीर उपाध्याय की पर्यावरण पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने बुधवार को किया। पुस्तक विमोचन के अवसर पर कुलपति के साथ-साथ छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर अजय द्विवेदी, विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। डॉ. उपाध्याय की यह पुस्तक मानव और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए नैनो-बायोफोर्टिफिकेशन पर है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर, स्विट्जरलैंड ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक पौधों और मानव स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों के महत्व का वर्णन करती है। फसलों के बायोफोर्टिफिकेशन के लिए नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग कैसे किया जा सकता है एवं प्रदूषित मिट्टी में नैनोटेक्नोलॉजी के विषैले प्रभावों से संबंधित समस्या को पुस्तक में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। वश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह एवं संकायाध्यक्ष विज्ञान प्रो राजेश शर्मा ने डॉ. सुधीर उपाध्याय को इस उपलब्धि पर बधाई दी हैं।

### पिस्टल व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**चंदौली।** चकिया नगर स्थित मोहम्मदाबाद नहर पुलिया के पास से मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की देर शाम कोतवाली पुलिस ने अवैध पिस्टल तमंचा कारतूस के साथ दो बदमाशों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त काफी दिनों से अवैध असलहे का सप्लाई करते थे। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार नको सूचना मिली कि दो अपराधी चोरी की एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर पिट्ठू बैग में असलहों की एक बड़ी खेप ले जा रहे हैं, जो मोहम्मदाबाद नहर पुलिया के रास्ते से गाजीपुर की तरफ बढ़ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मोहम्मदाबाद नहर पुलिया पर पहुंच कर घेराबंदी कर ली और बुलेट मोटरसाइकिल के आने का इंतजार करने लगे कुछ देर बाद लतीफशाह मार्ग के तरफ से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आते हुए दिखाई पड़ी, मोटरसाइकिल नजदीक आने पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोक लिया गया। मोटरसाइकिल सवारों द्वारा फरार कोशिश की गई जिसे पुलिस टीम ने नाकाम कर दिया।

## आपराधिक घटना को अंजाम देने जाते समय पुलिस ने की कार्रवाई

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर चार बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**केटी न्यूज/ जौनपुर**



थाना सुरेरी,थाना रामपुर ,थाना नेवढिया व थाना बरसठी की संयुक्त टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान आपराधिक घटना को अंजाम देने जाते समय 04 शातिर लुटेरो को किया गया गिरफ्तार, मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक अभियुक्त घायल,कब्जे से 01 देशी पिस्टल 9 एम एम 1 जिंदा कारतूस व 03 खोखा कारतूस 09 एम एम, 01 चोरी की मोटरसाइकिल गाड़ी व अपराध में कारित करनें में प्रयुक्त 01 मोटरसाईकिल, 04 मोबाईल व लूट का 6500/- रुपया नकद बरामद किया गया है और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। आप को बता दे की पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, द्वारा अपराध की रोकथाम प्रभावी गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ थाना सुरेरी,थाना रामपुर ,थाना नेवढिया व थाना बरसठी की संयुक्त टीम द्वारा 04 शातिर अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक अभियुक्त पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। मुखबिर खास सूचना पर थानाध्यक्ष सुरेरी व टीम को सूचना मिला की कुछ शातिर अपराधी जो लूटपाट/चोरी करते है कोई बड़ी आपराधिक घटना अंजाम देने के फिराक में क्षेत्र में घूमते हुये दिखाई दिये है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष सुरेरी मय टीम द्वारा आसपास के अन्य थानो की पुलिस टीम को मुखबिरी सूचना से बताया गया छेरहटी पुलिया से पहले रामपुर व पुलिस चौकी सुरेरी मोड़ के पास घेरा बन्दी कर बदमाशों के आने का इन्तजार करने लगे कि अन्य पुलिस टीम भी पहुच गयी। कुछ देर बाद सन्त रविदास नगर( भदोही) की तरफ से एक साथ दो मोटर साईकिल आते हुये दिखायी दी, जिसे उक्त पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरासाइकिल सवार बदमाश अपने को घीरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। बदमाशों द्वारा फायर किये गये फायर की एक गोली थानाध्यक्ष नेवढिया के बूलेट प्रूफ जैकेट में सामने की तरफ लगी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की कार्यवाही में फायर किया गया, जिससे अभियुक्त महेश पटेल निवासी कविरामपुर थाना बड़ागाँव जनपद वाराणसी को पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया व अन्य 03 अभियुक्त 1.नीलेश पटेल 2. बृजेश यादव 3. अनिरुद्ध यादव थाना सुरेरी मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार घायल अभियुक्त के पास से एक देशी पिस्टल 09 एमएम,एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। घटना की जानकारी देते हुए सीओ मड़ियाहूं उमाशंकर सिंह ने बताया की सुरेरी,थाना रामपुर ,थाना नेवढिया व थाना बरसठी की संयुक्त टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान आपराधिक घटना को अंजाम देने जाते समय 04 शातिर लुटेरो को किया गया गिरफ्तार, मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक अभियुक्त घायल, कब्जे से 01 देशी पिस्टल 09 एमएम, 01 जिंदा कारतूस व 03 खोखा कारतूस 09 टट, 01 चोरी की मोटरसाइकिल अपाची व अपराध कारित करनें में प्रयुक्त 01 मोटरसाईकिल, 04 मोबाईल व लूट का 6500/- रुपया नकद बरामद किया है।

## 18 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**मऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रामपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने फरही नाला से एक पंच कार से दो तस्करों को 18 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया। बरामद मादक सामग्री असम से तस्करों ने खरीदकर जिले और आसपास के जिलों में बेचने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। संयुक्त टीम के इस सराहनीय कार्य को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने दस हजार रुपये का नगदी इनाम देने की घोषणा की। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि रामपुर पुलिस-एसओजी टीम द्वारा रामपुर थाना क्षेत्र के फरही नाला के पास से एक टाटा कार को रोकने की कोशिश की गई। लेकिन पुलिस को देखकर कार चालक ने रूकने के बजाए भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम की घेराबंदी के चलते वह अपने इरादे में सफल नहीं हो सके। पुलिस ने कार से दो लोगों को पकड़ा, जिनकी पहचान रामपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव निवासी अनीस यादव उर्फ भोला पुत्र अनिल यादव और छतहरा गांव निवासी हरिवंश यादव पुत्र बाबूराम यादव के रूप में हुई। बताया कि कड़ाई से पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि बरामद 18 किलो 300 ग्राम गांजा असम से कम दाम पर लाए हैं। जिसकी कीमत दो लाख रुपये है। बताया कि लाए गए गांजा को वो जिले के अलावा आजमगढ़, बलिया जिले में ग्राहक खोज कर उन्हें महंगे दाम पर बेच देते।

## भारतीय समृद्धि के लिए स्वदेशी तकनीक का विकास जरूरीः प्रो. वंदना सिंह

♦ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक पर हुई संगोष्ठी

**केटी न्यूज/जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक था। यह थीम सामाजिक कल्याण के लिए घरेलू तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देने की देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि भारतीय समृद्धि के लिए स्वदेशी तकनीकी विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वदेशी तकनीकी उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देकर हम अपनी आत्मनिर्भरता को मजबूत कर सकते हैं। स्वदेशी तकनीकी उत्पादन विशेष रूप से अर्थव्यवस्था को मजबूत और स्थिर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान के बिना हमारी जिंदगी में कुछ नहीं है। साथ ही विकसित भारत का सपना पूरा करने में विज्ञान और तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान है। रमन प्रभाव दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो भारत के महान भौतिक वैज्ञानिक, सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की जयंती के साथ-साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## रिकॉर्ड भी टूटेगा और अधिक नौकरियां देगी हमारी सरकार : शक्ति सिंह

**केटी न्यूज/ मऊ**

♦ पैदल यात्रा के बाद आयोजित चौपाल में जनता से संवाद में कहा

दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और भाजयुमों प्रभारी शक्ति सिंह घोषी लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैराथन बैठकें,जनसभा और पैदल यात्रायें कर रहे हैं जिसमें उन्हें जनता का भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है इन्ही यात्राओं के क्रम में शक्ति सिंह घोषी लोकसभा क्षेत्र के करहां में थे जहाँ उन्होंने पैदल यात्रा के बाद आयोजित चौपाल में जनता से संवाद कर विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ पार्टी की नीतियों और सरकारी योजनाओं की भी चर्चा की युवाओं के रोजगार संबंधित मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में सरकारी नौकरियां देने का रिकॉर्ड स्थापित किया था और इस कार्यकाल में नौकरियों के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए उनकी सरकार नौकरियां देने का नया रिकॉर्ड बनायेगी, घोषी की जनता में चर्चा का विषय है कि पहली बार कोई नेता जाति से ऊपर उठकर उनसे नौकरी, अस्पताल, स्कूल, शिक्षा, चिकित्सा आदि विषयों पर बात कर रहा है।

## सरकार चुनाव जीतने के लिए धमकाती भी है पैसे का लालच भी देती है सब कुछ करती है

# बसपा सांसद श्यामसिंह ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

♦ बसपा के एक मात्र विधायक पर बोले सांसद वह ठेकेदारी करते है सरकार से जुड़े रहना उनकी मजबूरी है

**केटी न्यूज/जौनपुर**



जौनपुर राज्यसभा चुनाव में सपा के विधायकों द्वारा किए गए क्रॉस वोटिंग पर जौनपुर से बहुजन समाज पार्टी के सांसद श्याम सिंह यादव सरकार पर जमकर आरोप लगाया। सांसद श्यामसिंह यादव ने मीडिया को बताया कि कुछ विधायकों की मजबूरी भी होती है किसी का आपराधिक मुकदमा चल रहा है कोई ठेकेदारी कर रहा है किसी को पैसे के बल पर खरीद लिया गया। राजनीति में यह सब पहले से ही चला आ रहा है लेकिन अब ज्यादा होने लगा है। राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग पर बोले सांसद श्यामसिंह यादव,यू ही कोई बेवफा नही होता,कुछ तो मजबूरियां रही होंगी। बीजेपी के पास एक विभाग है जिनके ऊपर दबाब है किसी का मुकदमा चल रहा है,कोई जेल में है,कोई बदमाश अपराधी है,इन सभी को सहूलियत देने का लालच दिया गया है। यह सरकार साम दाम दंड भेद सब लगाती है यह पहले कम होता था लेकिन अब यह कुछ ज्यादा हो रहा है। यह सरकार चुनाव जीतने के लिए धमकाती भी है पैसे का लालच भी देती है सब कुछ करती है यह सरकार। बसपा के एक मात्र विधगक पर बोले सांसद वह ठेकेदारी करते है सरकार से जुड़े रहना उनकी मजबूरी है।अगर वह अलग होते है तो उनका बड़ा नुकसान हो जाएगा।अंदर खाने की बाते खुलकर नही कह सकता हूँ उमाशंकर की मजबूरी रही होगी । पूर्व बसपा नेता गुड्डू जमाली के सपा में जाने पर बोले संसद स्वाविभक रूप से मनुष्य लालची है सबका स्वार्थ होता है।बसपा के लगातार किले ढहते जा रहे है इस सवाल पर बोले सांसद अगर वह मजबूत किले ही थे तो ढहने नही चाहिए थे,भारत जोड़ो न्याय यात्रा में खुद के शामिल होने पर बोले सांसद राहुल गांधी के व्यक्तिगत बुलावे पर गया था,कोई भी नॉन पोलिटिकल इसमे शामिल हो सकता है,भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मकसद एक अच्छा मकसद है जो मजहब मजहब में लडाई जाति जाति में नफरत फैलाई जा रही है राहुल गांधी उसको खत्म करने का काम कर रहे है।अपने पार्टी बदलने के सवाल पर बोले जब तक बसपा पार्टी में सम्मान मिलेगा।टिकट मिले या न मिले तब तक वह कहीं जाने वाले नही है।



## सुभाषितम्

बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है

- धीरूभाई अंबानी

# किसी से भी नहीं डरते हैं बाबा रामदेव

सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को कड़ी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दवा के विज्ञापनों पर रोक लगा दी है।सर्वोच्च न्यायालय ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अदालत की मानहानि करने का नोटिस भी जारी कर दिया है। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भारत की उन विलक्षण प्रतिभाओं में शामिल है। जिन्होंने कुछ ही वर्षों में अपने साम्राज्य को बुद्धि, विवेक और ताकत के बल पर सारे देश में फैला दिया है। बाबा जो कहते हैं। वह करते नहीं हैं। जो करते हैं, वह कहते नहीं हैं। बाबा रामदेव को किसी का डर भी नहीं लगता है। यह निर्भीकता उन्हें कहां से मिली है। इसके बारे में लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते हैं। बाबा रामदेव अपने बड-बोलेपन और मनमानी के लिए सारे देश में जाने जाते हैं। 2014 के बाद से बाबा रामदेव बड़े ताकतवर शख्स के रूप में उभरे हैं। पिछले 10 वर्षों में बाबा का कारोबार भी बड़ी तेजी के साथ आसमान छूने लगा है। बाबा बहुत कम समय में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए, बाबा रामदेव तरह-तरह के दावे करते हैं। पहले जिन चीजों का विरोध करते हैं, फिर उन्हीं का धंधा करने लगते हैं। इसके बाद भी बाबा को कभी किसी का कोई डर नहीं रहता है। बाबा जो करना चाहते हैं, वह कर ही लेते हैं। कोविड की दवा बेचकर बाबा ने करोड़ों रुपए की कमाई की। एलोपैथी दवा को उन्होंने जानलेवा बता दिया। जिसके कारण एलोपैथी के डॉक्टर और अंग्रेजी दवाओं की कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में कहा गया था कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीन और एलोपैथी के खिलाफ दुष्प्रचार किया है। उन्होंने पतंजलि की आयुर्वेदिक दवाओं से कोविड की बीमारी ठीक करने का झूठा प्रचार किया है। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट पहले भी पतंजलि कंपनी को झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों को बंद करने के लिए आदेश जारी कर चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी पतंजलि ने विज्ञापन बंद नहीं किये। विज्ञापनों में जनता से झूठे दावे करते रहे। जब यह मामला फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए आया, तब न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की संयुक्त खंडपीठ ने कहा, पतंजलि भ्रामक दावे करके देश के नागरिकों को धोखा दे रही है। पतंजलि के दावों का कोई ठोस प्रमाण नहीं है। पतंजलि की दवाओं से स्थाई रूप से कोई बीमारी ठीक हो रही है। ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट के अनुसार कोई भी दवा कंपनी इस तरह का विज्ञापन नहीं दे सकती हैं। इसके बाद भी बाबा की कंपनी पतंजलि के विज्ञापनों में दावा किया जा रहा है। योग गुरु बाबा की देश में पिछले कुछ वर्षों में कई तरह की छबियां बनी है। कभी वह ब्लैक मनी खत्म करने की बात कर अर्थशास्त्री बन जाते हैं। कभी पेट्रोल 35 रुपये लीटर देने के जुमले अपने भक्तों को दे देते हैं। कुछ वर्ष पहले उन्होंने योग से बीमारियों को ठीक करने का दावा किया था। अब योग के साथ-साथ दवा के साथ बीमारी ठीक होने की बात कर रहे हैं। उन्होंने एलोपैथी चिकित्सा को नकारते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सा से सही इलाज और सर्वोत्तम बता दिया। बाबा ने पतंजलि की दवाइयां बेचने के लिए झूठे विज्ञापन करके एलोपैथी के खिलाफ मुहिम छेड़ दी थी। जिससे नाराज डॉक्टर भी अब उनके पीछे पड़े हुए हैं। बाबा को सुप्रीम कोर्ट का भी डर नहीं लगता है। बाबा को अपनी आलोचनाओं का भी डर नहीं लगता है। बाबा को शर्म भी नहीं आती है। जो दावे उन्होंने किए थे, यदि वह पूरे नहीं हो रहे हैं। तो इसमें उन्हें कोई शर्म नहीं है। बाबा की दुकान में सब कुछ बिक रहा है। दवाओं के साथ-साथ खाद्य पदार्थ और कपड़े भी पतंजलि के स्टोर में बिक रहे हैं। योग के शिविर लगाकर बाबा करोड़ों रुपए की कमाई करते हैं। सही मायने में बाबा की लोकप्रियता ही उनकी सफलता की गारंटी है। केंद्र सरकार का उन्हें संरक्षण मिला हुआ है।

## चिंतन-मनन

# दीर्घजीवी होती है विनम्रता



एक साधु बहुत बूढ़े हो गए थे। उनके जीवन का आखिरी क्षण आ पहुंचा। आखिरी क्षणों में उन्होंने अपने शिष्यों और चेलों को पास बुलाया। जब सब उनके पास आ गए, तब उन्होंने अपना पोपला मुंह पूरा खोल दिया और शिष्यों से बोले- देखो, मेरे मुंह में कितने दांत बच गए हैं? शिष्यों ने उनके मुंह की ओर देखा। कुछ टटोलते हुए वे लगभग एक स्वर में बोल उठे- महाराज आपका तो एक भी दांत शेष नहीं बचा। शायद कई वर्षों से आपका एक भी दांत नहीं है साधु बोले-देखो, मेरी जीभ तो बची हुई है सबने उत्तर दिया- हां, आपकी जीभ अवश्य बची हुई है इस पर साधू ने कहा- पर यह हुआ कैसे? मेरे जन्म के समय जीभ थी और आज मैं यह चोला छोड़ रहा हूं तो भी यह जीभ बची हुई है। ये दांत पीछे पैदा हुए, ये जीभ से पहले कैसे विदा हो गए? इसका क्या कारण है, कभी सोचा? शिष्यों ने उत्तर दिया-हमें मालूम नहीं। महाराज, आप ही बतलाइए उस समय मृदु आवाज में संत ने समझाया - यही रहस्य बताने के लिए मैंने तुम सबको इस बेला में बुलाया है। इस जीभ में माधुर्य था, मृदुता थी और खुद भी कोमल थी, इसलिए वह आज भी मेरे पास है, परंतु मेरे दांतों में शुरू से ही कठोरता थी, इसलिए वे पीछे आकर भी पहले खत्म हो गए, अपनी कठोरता के कारण ही ये दीर्घजीवी नहीं हो सके। दीर्घजीवी होना चाहते हो तो कठोरता छोड़ो और विनम्रता सेखो।

# सीएए नागरिकता देने का कानून है

- आशीष वशिष्ठ

नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए को लेकर पूरे देश में एक बार फिर से चर्चा तेज हो गई है। इससे पहले भी नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कई बार विवाद देखने को मिल चुके हैं। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए कब अमल में आएगा। क्योंकि जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए कानून को लेकर उस वक्त देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुआ था। विशेषकर पूर्वोत्तर के राज्यों में सीएए का सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला था। पूर्वोत्तर के सात राज्य सीएए कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। वहां तोड़फोड़ की कारण करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। चार वर्ष की देरी के बाद यह प्रतीक्षा पूरी होने जा रही है। दरअसल, बीते दिनों कई अवसरों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बयान दिया है कि कि लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को देश में लागू कर दिया जाएगा। यह कानून मुख्य रूप से गैर मुस्लिम देशों में प्रताड़ित होकर भारत आने वाले नागरिकों को भारत की नागरिकता




प्रदान करेगा। इस कानून के लागू होने से भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को भारत की नागरिकता मिलेगी, जो दिसंबर 2014 तक अपने देशों में किसी न किसी प्रताड़ना का शिकार होकर भारत आ गए हैं। इन लोगों में गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया जा रहा है।

ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो अब तक इसे टाला क्यों जाता रहा? इसका विरोध क्यों किया जा रहा है? या विरोध कर कौन रहा है? दरअसल, पूर्वोत्तर के राज्य इसका विरोध इसलिए कर कर रहे हैं क्योंकि उनका तर्क है कि इन बाहर के लोगों को नागरिकता देने से उनके राज्य में भीड़ बढ़ जाएगी और उनकी परंपराएं, संस्कृति और तमाम रीति-रिवाजों पर बड़ा फर्क पड़ेगा। वे सब बिखर जाएंगे। वहीं सीएए का विरोध मुस्लिम समुदाय भी कर रहा है। वास्तव में, इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। विपक्ष का सबसे बड़ा विरोध यह है कि इसमें खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। बता दें कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक बड़े वर्ग का कहना है कि अगर नागरिकता संशोधन कानून 2019 को लागू किया जाता है तो पूर्वोत्तर के मूल लोगों के सामने पहचान और आजीविका का संकट पैदा हो जाएगा। जानकारों की मानें तो इस कानून में किसी भी भारतीय, चाहे वह किसी मजहब का हो, की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। लंबे समय से भारत में शरण लेने वालों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध में ज्यादा दम नहीं रहा। यही वजह है कि जल्द ही इस कानून को लागू करने की कवायद की जा रही है। हो सकता है इसी महीने। संसद ने दिसंबर 2019 में संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी और बाद में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसके विरोध में देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। सीएए को लेकर देश में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं। कई राजनीतिक दलों ने भी इसका विरोध किया था। इस वजह से सरकार ने रूल्?स फ्रेम करने में देरी की थी पर अब सीएए रूल्?स का नोटिफिकेशन होम मिनिस्ट्री ने जारी करने की पूरी तैयारी कर ली है। सीएए बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद 4 राज्य इसके विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर चुके हैं। सबसे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के ताने-बाने के खिलाफ है। इसमें नागरिकता देने से धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। इसके बाद पंजाब और राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। चौथा राज्य पश्चिम बंगाल था, जहां इस बिल के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। 2019 में संसद द्वारा पारित सीएए का ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी विरोध कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था- बंगाल में हम सीएए, एनपीआर और एनआरसी की अनुमति नहीं देंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई।

# जीवन में सचेत रहना बहुत जरूरी है!

-प्रेम रावत

इस संसार में रहते हुए आप एक काम करें और वह काम कुछ ऐसा हो जिससे कि आपकी जिंदगी के अंदर आनंद और बढ़े। जो अच्छी चीजें हैं वह और हों। आप अपने जीवन के अंदर उस असली सुख, चैन और शांति का अनुभव कर सकें। सबसे बड़ी जानने की बात यही है कि कौन-कौन से बीज आप अपने जिंदगी के अंदर बो रहे हैं, कैसे बीज बो रहे हैं? ऐसे बीज बो रहे हैं जिनकी फसल जब तैयार होगी तो वह शांतिमय होगी, आनंददायक होगी या ऐसे बीज बो रहे हैं जिनसे कि आपकी जिंदगी के अंदर अशांति और बढ़े! जो कुछ भी आप अब कर रहे हैं इसी का फल आपको मिलेगा।



कई लोग हैं जो परिवार में कभी एक साथ नहीं रहे, क्योंकि हर कोई अपने-अपने कामों में व्यस्त रहता है। जो बच्चे हैं वह कुछ करना ही नहीं चाहते हैं, वह अपना वीडियो गेम देखना चाहते हैं और वीडियो गेम आया कहां से ? वह आप ही तो लाये। आपने ही वह बीज बोया है। बात यह है कि जो कुछ भी हम अपने परिवार के साथ करना चाहते हैं उन चीजों के बीज हमने किस प्रकार बोये हुए हैं उसी का फल हमको मिलेगा। हम अगर अपने दोस्तों के साथ हैं तो किस प्रकार के बीज हमने उन दोस्तों के साथ बोये। अच्छे बोये हैं तो उसका फल अच्छा मिलेगा। खराब बोये हैं तो उसका फल खराब मिलेगा। बीजों का तो यह कानून है। और कहावत भी है - बोये पेड़ बबूल का, आम कहाँ से होय। जब कांटों वाली कोई चीज का बीज लगाया है तो फिर आप आम की अपेक्षा अगर करेंगे तो कैसे होगा। कई लोग अपनी जिंदगी से हार जाते हैं। आप किसी से भी लड़ सकते हैं, पर आप अपनी ही जिंदगी से लड़ रहे हैं, ऐसा क्यों ? यही तो है आपके पास और क्या है आपके पास! अगर आपका जीवन ही नहीं रहा तो आपके पास क्या रहेगा, कुछ भी नहीं रहेगा। तो इससे मत हारिये। इस जिंदगी में तो जीत ही जीत करनी है, हारना नहीं है। आप अपने लिए भी तो जीना सीखिए। औरों के लिए नहीं, जब आप अपने लिए ही जीना नहीं सीखेंगे तो फिर आप औरों के लिए कैसे जी पायेंगे ? जो दिया खुद ही नहीं जला हुआ है वह और दीयों को कैसे जलायेगा ? लोग कहते हैं कि औरों के लिए जीना चाहिए। पर एक बुझा हुआ दिया औरों के लिए कैसे जी सकता है! जबतक वह खुद ही नहीं जल रहा है। मजबूती आप में होनी चाहिए। उस मकान का क्या फायदा, जिस मकान की छत इतनी कमजोर है कि आप छत को उठा रहे हैं, तो वह कैसी छत हुई! कम से कम आपके मकान को इतना तो मजबूत होना चाहिए कि कुछ भी आ जाये वह आपकी रक्षा करेगा।

एक कहानी है अकबर और बीरबल की। एक बार अकबर बीरबल का इंतजार कर रहे थे। बीरबल नहीं आया तो अकबर गुस्सा हो गए। बीरबल को बुलाया गया तो बीरबल आया। अकबर ने बीरबल से कहा कि तुम आज समय पर क्यों नहीं आये ?

बीरबल ने कहा ह्लजी! मेरे घर में एक छोटा बच्चा आया हुआ है और मैं उसको खुश करने में लगा हुआ था। वह खुश ही नहीं हो रहा था।

राजा ने कहा, ऐसी क्या बड़ी बात है छोटा-सा बच्चा ही तो है, उसको तो बड़ी आसानी से खुश किया जा सकता है।

बीरबल ने कहा महाराज! यह सच बात नहीं है, बच्चे को आसानी से खुश नहीं किया जा सकता है!

तो अकबर ने कहा - बुलाओ अपने बच्चे को! तो उसको बुलाया गया।

बीरबल ने बच्चे को पहले ही सबकुछ सीखा रखा था।

तो अकबर ने पूछा, क्या चाहिए तुमको?

बच्चे ने कहा, जी!, मेरे को गन्ना चाहिये। तो गन्ना मंगवाया।

अकबर ने बीरबल की तरफ देखकर कहा देखो! कितनी आसान बात है। बच्चे को खुश करना कोई बड़ी बात नहीं है।

बीरबल थोड़ा मुस्कुराया। बच्चा फिर रोने लगा।

अकबर ने पूछा अब क्यों रो रहा है ?

बच्चे ने कहा, मेरे को पूरा गन्ना नहीं चाहिए, मेरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में यह गन्ना चाहिए।

तो राजा ने कहा यह तो बड़ी आसान बात है। सिपाही को बुलाया कि इसको काट दो अपनी तलवार से। सिपाही ने गन्ने को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया।

फिर राजा ने देखा बीरबल की तरफ कि यह तो बड़ी आसान बात है। इसको खुश करना कोई मुश्किल बात नहीं है।

थोड़ी देर में बच्चा फिर रोने लगा।

अकबर ने पूछा, अब क्या हो गया, अब क्या बात है ?

तो उसने कहा कि नहीं, मुझे पूरा का पूरा साबुत गन्ना चाहिए अब।

तो साबुत गन्ना मंगवाया गया।

जब साबुत गन्ना आया तो बच्चा और जोर से रोने लगा।

अकबर ने पूछा, अब क्या हुआ, अब क्या बात है ?

बच्चे ने कहा, मेरे को वही गन्ना साबुत चाहिए, जो छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा था।

अकबर परेशान हो गया। वह सोचने लगा कि छोटे-छोटे टुकड़ों में कटे गन्ने को साबुत कैसे करे! क्योंकि वह गन्ना कभी भी साबुत नहीं हो सकता था।

कहने का अभिप्राय यह है कि एक बार जब हम कोई चीज कर देते हैं फिर उसको वापिस नहीं ले सकते, कर दी तो कर दी उसमें फिर समय शामिल है। एक बार किसी चीज में समय शामिल हो जाता है तो उसको वापिस नहीं लिया जा सकता। इसलिए सचेत रहने की बहुत जरूरत है।

# जहां श्रीकृष्ण की कलाई में आज भी चल रही है नब्ज!

- डॉ. श्रीगोपाल नारसन

दुनिया मे एक ऐसा भी श्रीकृष्ण का अनुठा मंदिर है, जहां मौजूद श्रीकृष्ण की मूर्ति में अभी भी प्राण हैं और श्रीकृष्ण की कलाई की नब्ज सामान्य व्यक्ति की तरह चलती है। श्रीकृष्ण की यह मूर्ति सांस भी लेती है, यानि हम कह सकते है कि श्रीकृष्ण की यह प्रतिमा जीवित स्वरूप में प्रतिष्ठित है।इस श्रीकृष्ण की इस मूर्ति की कलाई पर एक घड़ी बंधी है,जिसे कभी एक अंग्रेज ने बांधा था। अंग्रेज को जब पता चला कि श्रीकृष्ण की मूर्ति में प्राण है, तो उसने सच्चाई परखने के लिए श्रीकृष्ण की कलाई में घड़ी बांध दी। हैरत की बात यह है कि श्रीकृष्ण की कलाई में घड़ी बांधते ही वह चल पड़ी। जबकि घड़ी में कोई सेल नही है और उसमें चाबी भरने की भी व्यवस्था नही है।यह घड़ी सेल से नहीं,श्रीकृष्ण की कलाई की पल्स रेट से चलती है। 50 से भी अधिक साल से यह घड़ी निरंतर चल रही है और समय भी ठीक बताती है। मंदिर के पुजारी श्रीकृष्ण जी के श्रृंगार के समय जब घड़ी उतारते हैं तो यह घड़ी बंद हो जाती है। ओर पुनः घड़ी पहनाते है तो फिर से चलना शुरू हो जाती हैं। ऐसे में हम कह सकते है कि जयपुर के इस रहस्यमयी श्रीकृष्ण मंदिर में आज भी भगवान श्रीकृष्ण का दिल धड़कता है। शरीर त्याग देने के बाद सभी की हृदय गति रुक जाती है, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने शरीर त्याग दिया, फिर भी उनका हृदय अभी तक धड़क रहा है।द्वापर युग में जब भगवान श्री हरि विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया तो यह उनका मानव रूप था। सृष्टि के नियम मुताबिक हर मानव की तरह इस रूप की मृत्यु निश्चित थी। भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत



युद्ध के 36 साल बाद अपनी देह को त्याग दिया था। जब पांडवों ने उनका अंतिम संस्कार किया तो श्रीकृष्ण का पूरा शरीर अग्नि में समा गया, लेकिन उनका हृदय धड़कता ही रहा था। उनके हृदय को अग्नि जला नहीं पायी। इस दृश्य को देखने के बाद पांडव अंचभित रह गए। तब आकाशवाणी हुई कि यह ब्रह्म का हृदय है इसे समुद्र में प्रवाहित कर दें। इसके बाद पांडवों ने भगवान श्रीकृष्ण के हृदय को समुद्र में प्रवाहित कर दिया। स्वामीनारायण ने 9 अक्टूबर सन 1828 को इस मंदिर में श्रीकृष्ण की इस अदभुत मूर्ति को प्राण प्रतिष्ठित किया था। इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के अलावा राधा और हरिकृष्ण यानी स्वामीनारायण की प्रतिमा को भी उनके जाने के बाद प्रतिष्ठित किया गया है। स्वामीनारायण के माता-पिता धर्मदेव और भक्तिमाता और वासुदेव की पूजा भी मंदिर में की जाती है। मंदिर में बलदेवजी और सूर्यनारायण की मूर्ति भी है।मई सन 2012 में मंदिर के शिखरों को सोने से मढ़वाया गया था, जिससे यह गुजरात का पहला मंदिर बन गया जिसमें स्वर्ण शिखर हैं।इसी तरह झुंझुनूं जिले के सुलताना कस्बे में गोपीनाथ मंदिर का निर्माण करीब 260 साल पहले तत्कालीन शासक हाथी सिंह की रानी की इच्छा पर करवाया गया था।

# आज का राशिफल

**मेष** – आज का दिन आर्थिक लाभ वाला है और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज किसी से लोन न लें।

**तुला** – आज का दिन शुभ फलकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी।

**वृषभ** – दिन व्यस्तता से रहेगा। आज आप बहुत व्यस्त रहेंगे। ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरते।

**वृश्चिक** – आज मन परेशान रहेगा। आपके मन में अशांति रहेगी। मन अशान्त एवं परेशान रहेगा।

**मिथुन** – आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज आपकी समस्या और बढ़ सकती है।

**धनु** – धन में वृद्धि होगी। आपके ज्ञान और बुद्धि में वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य की भावना करेगी।

**कर्क** – आज भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा।

**मकर** – आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे।

**सिंह** – मानसिक रूप से शांति मिलेगी। मानसिक अशांति से खिन्नता और उदासीनता इस सप्ताह बढ़ सकती है।

**कुंभ** – आज आर्थिक लाभ होगा। आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा।

**कन्या** – आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगे। आपके कार्य सफलता से पूर्ण होंगे।

**मीन** – आज आर्थिक लाभ होगा और बहुत समय से लटका आपका कोई काम बन सकता है।

## विशेष

# मनु सिंघवी के भाग्य ने नहीं दिया साथ

जब भाग्य में कोई चीज ना हो, उसके लिए कितने भी प्रयास किए जाएं वह मिलती नहीं है। यही हाल सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील मनु सिंघवी का देखने को मिला। हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट मिले. दोनों उम्मीदवारों के बराबर वोट थे। जिसके कारण नाम की पर्ची निकाली गई। उस पर्ची ने भी मनु सिंघवी का साथ नहीं दिया। जिसके कारण भाजपा का उम्मीदवार चुनाव जीत गया। स्पष्ट बहुमत होने के बाद भी मनु सिंघवी हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य का चुनाव नहीं जीत पाए। उनके भाग्य में राज्यसभा सदस्य बनना नहीं लिखा था।

# उत्तर प्रदेश में संजय सेठ चुनाव जीत गए

पैसे में बड़ी ताकत होती है। उस ताकत का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश में भाजपा के अतिरिक्त उम्मीदवार संजय सेठ ने किया। वह राज्यसभा का चुनाव जीत भी गए। संजय सेठ के पक्ष में सपा विधायक राकेश पांडे, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह, मनोज पांडे, विनोद चतुर्वेदी, महाराज प्रजापति, पूजा पाल और आशुतोष मौर्या ने संजय सेठ के पक्ष में मतदान कर दिया। सपा अपने विधायकों, यहां तक कि अपने सचेतक को भी नहीं रोक पाई। सेनापति खुद ही सेना छोड़कर भाग गया। इसे कहते हैं,पैसे की ताकत। भारतीय जनता पार्टी ने संजय सेठ को इसलिए मैदान में उतारा था, कि वह ऑपरेशन लोटस चला सकते हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1896: पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म हुआ. 1964: जी.एम.सादिक ने कश्मीर के प्रधानमंत्री पद की शपत ली. मार्च 1965: में राज्य संविधान में संशोधन करके सदरे रियासत और प्रधानमंत्री के नाम बदलकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री कर दिये गये. 1992: सैंसेक्स पहली बार 3000 अंक छुआ. 2000: चीन ने तिब्बत के लामा कमार्पा के माता-पिता को बंदी बनाया. 2000: जोयेर्ग हैदर ने आस्ट्रिया की जीनोफोबिक एक्सट्रीम राइट फ्रीडम पार्टी से त्यागपत्र दिया. 2004: लोकसभा के लिये आम चुनाव चार चरणों में होने की घोषणा.

## दैनिक पंचांग

**29 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.09 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.40 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.20 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.18 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.31 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.47 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.59 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.25 ब.से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | धनु | 01.41 बजे से |
| | | मकर | 03.46 बजे से |
| | | कुंभ | 05.32 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 60 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** चित्रा 10.22 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 17.56 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 52'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871904
**जूलियन दिन** 2460369.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान
**तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# बीडीओ और सीडीओ में क्या होता है अंतर? जानें कैसे मिलती है यह नौकरी

**आपने बीडीओ और सीडीओ जैसे पद के नाम तो जरूर सुने होंगे। इन पदों पर तैनात ऑफिसर कभी न कभी आपके काम भी आते होंगे। तो चलिए बीडीओ और सीडीओ में के बीच अंतर को जान लेते हैं।**

आप लोगों ने आए दिन अपनी रोजमर्रा की जिदंगी में बीडीओ और सीडीओ जैसे पद के नाम सुने होंगे। इन पदों पर तैनात ऑफिसर कभी ने कभी आपके काम आते होंगे। हालांकि बीडीओ और सीडीओ में क्या फर्क है इसे लेकर लोगों के अंदर काफी कंफ्यूजन होता है। दोनों में से किसके पास ज्यादा पावर होता है इसकी भी जानकारी लोगों के पास नहीं होती है। ऐसे में आज हम आपको बीडीओ और सीडीओ दोनों में फर्क बताएंगे। साथ ही दोनों के कार्यो के बारे में भी जानेंगे। इसी के साथ आइए जानते हैं- बीडीओ और सीडीओ में कौन कितना पावरफुल है।

## क्या है बीडीओ और सीडीओ में फर्क

बीडीओ का मतलब ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर होता है। इनका काम ब्लॉक के अंतर्गत विकास संबधित प्रोग्रामों के कार्यन्वयन की देखरेख करना है। वहीं दूसरी ओर चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जिले के सभी ब्लॉकों के योजनाओं के डेवलपमेंट की निगरानी और देखरेख करना है। बीडीओ की नियुक्ति राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। दूसरी ओर सीडीओ पद की नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है।

## बीडीओ के कार्य

ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर राज्य का एक सरकारी ऑफिसर होता है, जो किसी ब्लॉक के विकास और गतिविधियों के लिए कार्य करता है। उसके पास ही विकास और अन्य गतिविधियों की जिम्मेदारी होती। बीडीओ का पद पंजायती राज्य व्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। बीडीओ के विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के विकास के लिए काम करता है। यह प्रशासन के लिए जिम्मेदार होते हैं। बीडीओ ब्लॉक समिति के सदस्य होते हैं। किसी जिले के सभी बीडीओ भी जिला पंचायत या जिला परिषद का हिस्सा होते हैं।

## सीडीओ के कार्य

चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर भारतीय राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में एक एडमिनिस्ट्रेटिव पद के रूप में जाना जाता है। सीडीओ राज्य और केंद्र सरकारों की गरीबी उन्मूलन और बेसिकक स्ट्रक्चर के निर्माण की विभिन्न डेवलपमेंट स्कीम की देखरेख करना है। सीडीओ जिलाधिकारी के सुपरविजन और कंट्रोल में काम करते हैं। सीडीओ के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉक के विकास से संबधित सभी कार्यों की निगरानी करता है।



पर्यावरण इंजीनियरिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो पर्यावरण की रक्षा और उसे बेहतर बनाने के लिए इंजीनियरिंग सिद्धांतों और तकनीकों का इस्तेमाल करता है। यह काफी बड़ा क्षेत्र है, जो कई विषयों को जोड़ता है, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, गणित, और इंजीनियरिंग। बुनियादी तौर पर विज्ञान के सिद्धांतों तथा इंजीनियरिंग की तकनीकों का मिश्रण है। इस मेल से कई विधाओं का प्रयोग पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए किया जाता है।

# एनवायरमेंट फील्ड में बनाना चाहती हैं करियर तो फॉलो करें ये 5 टिप्स

पूरी दुनिया में पर्यावरण संकट से निपटने के लिए बड़े स्तर पर काम किए जा रहे हैं। यह भी एक सच है कि पृथ्वी पर मौजूद मानव समाज द्वारा फैलाए जा रहे अलग-अलग तरह के प्रदूषण को देखते हुए ये उपाय पर्याप्त नहीं हैं। अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। प्रदूषण से संबंधित चिंताओं तथा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग या पर्यावरण इंजीनियरिंग का विकास हुआ था। आज इस क्षेत्र के युवा प्रोफेशनल्स की मांग देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी है। इंजीनियरिंग के अलावा पर्यावरण में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक सुनहरा करिअर है। बिना किसी शक के पर्यावरण क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने हाल के सालों में प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए तकनीकों के साथ उपायों का विकास करने में जबरदस्त सफलता हासिल की है।

एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग बुनियादी तौर पर विज्ञान के सिद्धांतों तथा इंजीनियरिंग की तकनीकों का मिश्रण है तथा इस मेल से कई विधाओं का प्रयोग पर्यावरण से प्रदूषण कम करने में किया जाता है। इसके अंतर्गत जहां एक ओर फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के अतिरिक्त इकोलॉजी, रेडियोलॉजिकल विज्ञान जैसी शाखाओं से मदद मिलती है, वहीं दूसरी ओर इंजीनियरिंग की मैकेनिकल, सिविल तथा अन्य ब्रांचों की उपयोगिता भी कम नहीं है।

## एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग में है रोजगार की संभावनाएं

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इंजीनियरिंग की 70 से अधिक शाखाएं होने के बावजूद केवल 10 प्रमुख इंजीनियरिंग शाखाओं में एडमिशन लेने के लिए होड़ रहती है। ऐसे में भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए परंपरागत इंजीनियरिंग शाखाओं को छोड़ते हुए एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग को अपनाना बहुत समझदारी का फैसला हो सकता है।

इंजीनियरिंग की इस शाखा में प्रवेश के लिए होड़ की स्थिति न होने के कारण प्रतिष्ठित और नामी संस्थानों में प्रवेश पाना अन्य इंजीनियरिंग शाखाओं की तुलना में काफी आसान होगा। देश में यह विधा नई है, इसलिए जॉब्स पाने की संभावनाएं भी कहीं ज्यादा होंगी। कई संस्थाओं द्वारा इस तरह के कोर्स शुरू किए जाने पर शिक्षक के तौर पर भी काम करने के अवसर मिल सकते हैं। इस क्षेत्र में ऐसे लोगों को जाना चाहिए, जिनमें पर्यावरण के प्रति लगाव हो। प्रदूषण से लड़ाई को जो लोग अपनी निजी लड़ाई समझते हों।

## कई तरह के कोर्स चलाए जाते हैं

देश के कई विश्वविद्यालयों में एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग पर आधारित कई तरह के कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। ये बैचलर और मास्टर्स डिग्री के स्तर से लेकर पीएचडी तक हो सकते हैं। सरकारी ही नहीं बल्कि निजी क्षेत्र के संस्थान भी ऐसे कोर्स संचालित करते हैं। एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के कोर्स में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दिया जाता है। बारहवीं में गणित विषय समूह के साथ विज्ञान विषयों की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री के बाद इस क्षेत्र में एमटेक भी कर सकते हैं। मेरिट पाए छात्रों के लिए विदेशी यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर पीएचडी करना भी आसान है।

## एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग में क्या होते हैं काम

प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नियमों को तैयार करना, समय-समय पर उनमें जरूरी बदलाव करना। इस तरह के प्रोजेक्ट्स की क्वालिटी को कंट्रोल करने के लिए सरकारी तथा गैर-सरकारी पर्यावरण सुधार कार्यक्रमों की प्रगति पर नजर रखना। औद्योगिक संस्थानों एवं नगर निगम पालिकाओं के पर्यावरण नियमों के एक्टिविटीज से जुड़ना। प्रदूषित स्थानों में सुधार के लिए एजेंसियों को कंसल्टेंसी सर्विस देने जैसे काम करना। पर्यावरण सुरक्षा एवं प्रदूषण संबंधी कानूनी मामलों में सलाह देना।

## बढ़ रही है प्रोफेशनल की मांग

भारत में पर्यावरण के संरक्षण के प्रति केंद्र पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता तथा सरकारी स्तर पर बढ़ते खर्चों को देखते हुए प्राइवेट सेक्टर में भी इस क्षेत्र में काम करने वाली छोटी-बड़ी कंपनियां अब अस्तित्व में आ चुकी हैं। यही नहीं, रिसर्च इंस्टीट्यूट, एनजीओ आदि में भी इस तरह के एक्सपर्ट्स की मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने की संभावना है। विदेश में इस तरह के एक्सपटर्स के लिए रोजगार की बेहतरीन संभावनाएं हाल के सालों में बहुत तेजी से बढ़ी है।



## एन्वाइरन्मेंटल इंजीनियर के लिए संस्थान

- आईआईटी कानपुर
- मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद
- डीवाई पाटिल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, मुंबई
- गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा
- यशवंतराव चव्हाण कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नागपुर
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)
- विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, बेलगांव (कर्नाटक)
- मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल (मध्य प्रदेश)



# अभी-अभी कमाना किया है शुरू, तो भूल से भी ना करें ये फाइनेंशियल मिसटेक्स

**आज की यंग जनरेशन कम उम्र में ही अपने पैरों पर खड़ा होने की चाहत रखती है। शायद यही कारण है कि यंगस्टर्स पढ़ाई के साथ-साथ पार्ट टाइम जॉब या फिर फ्रीलांस वर्क करना पसंद करते हैं। यकीनन यह एक अच्छा ऑप्शन है। जब आप कमाना शुरू करते हैं तो आप आत्मनिर्भर बनते हैं। हालांकि आपके लिए सिर्फ पैसा कमाना ही काफी नहीं है, बल्कि आप उन पैसों को किस तरह हैंडल करते हैं, इस पर भी ध्यान दिया जाना उतना ही जरूरी है।**

अक्सर यह देखने में आता है कि जब यंगस्टर्स पैसा कमाना शुरू करते हैं तो उन्हें पैसा हैंडल करना नहीं आता है। जिसके कारण वे अपनी मेहनत की कमाई को यूं ही खर्च कर देते हैं या फिर कुछ मिसटेक्स के कारण उन्हें फाइनेंशियल लॉस हो जाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही फाइनेंशियल मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आपको बचने की कोशिश करनी चाहिए-

## बजट तय ना करना

यह एक कॉमन गलती है, जो अक्सर यंगस्टर्स कर बैठते हैं। दरअसल, जब यंगस्टर्स कमाना शुरू करते हैं तो उन पर अमूमन पारिवारिक जिम्मेदारियां नहीं होती हैं। ऐसे में उनके द्वारा कमाए गए पैसे सिर्फ उनके ही होते हैं। कई बार वे पूरे सप्ताह काम करके पैसे कमाते हैं और वीकेंड में उसे खर्च कर देते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा एक बजट बनाएं, जिससे आप जरूरत के अनुसार खर्च कर पाएं। साथ ही साथ, इमरजेंसी के लिए कुछ पैसे अवश्य अलग से रखें।

## इनवेस्टमेंट स्कीम को इग्नोर करना

अपनी कमाई के शुरुआती दिनों में लोग इनवेस्टमेंट की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। जबकि इस समय इनवेस्ट करना काफी अच्छा माना जाता है। चूंकि इस समय आप रिस्क ले सकते हैं और पारिवारिक जिम्मेदारियां ना होने के कारण आमदनी के एक बड़े हिस्से को निवेश कर सकते हैं। जिससे आपको अच्छे रिटर्न मिल सकते हैं।

क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करना अगर आपने अभी-अभी पैसे कमाना शुरू किया है तो तुरंत क्रेडिट कार्ड खरीदकर उसे इस्तेमाल करना शुरू ना करें। दरअसल, अभी आपने पैसों को सही ढंग से संभालना नहीं सीखा है। ऐसे में अगर आपकी जेब में क्रेडिट कार्ड होगा तो आपके बेवजह पैसे खर्च करने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए, शुरुआत में कुछ वक्त डेबिट कार्ड ही इस्तेमाल करें। जब आप पैसों को सही ढंग से मैनेज करना सीख जाएं, जब क्रेडिट कार्ड लेने पर विचार करें।

## अपनी कमाई से ज्यादा खर्च करना

आपके लिए कपड़े, हॉलिडे और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स आदि पर अत्यधिक खर्च करना आकर्षक हो सकता है। जब आपकी आमदनी उन गैर-जरूरी चीज़ों को कवर नहीं करती है। कुछ लोग लोन लेकर भी अपनी इन इच्छाओं को पूरा करने की कोशिश करते हैं। हालांकि, आपको ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। आपको यह सीखना है कि अपनी क्षमता के भीतर कैसे रहना है, अपनी कमाई से अधिक खर्च नहीं करना है।





# कॉस्मेटिक इंडस्ट्री में बनाना चाहती हैं करियर तो फॉलो करें ये स्टेप्स

कॉस्मेटोलॉजिस्ट के लिए तकनीक में सुधार और नयापन नए तरीके आने के साथ ही त्वचा, बाल और नाखून संबंधी जटिलताओं का आसानी से इलाज कर सकने वाली कॉस्मेटोलॉजी सच में पसंद किए जाने वाले उपचारों में से एक बन गई है। जलवायु, प्रदूषण, तनाव, असंतुलित खानपान, निष्क्रिय जीवन शैली, जीवन की रफ्तार में अनियमित बदलाव और नवीनतम गैजेट्स तथा तीव्र दवाओं के असर से न केवल बुजुर्गों और महिलाओं, बल्कि दवाओं को भी आंखों के नीचे सूजन, मसल्स टोन में कमी, समय से पहले झुर्रियां, खून के प्रवाह में गड़बड़ी, मुस्कान के निशान बनने जैसी समस्याएं होने लगती है। लेकिन कॉस्मेटोलॉजी के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान हो सकता है और आप हर समय एक सामान्य रंग-रूप बनाए रख सकते हैं। कॉस्मेटोलॉजी सौंदर्य उद्योग में सबसे रोमांचक करियर विकल्पों में से एक है। इसमें ग्राहकों की जरूरतों को समझने के लिए ढेर सारे शोध शामिल हैं और खास समस्याओं को हल करने के लिए खास किस्म के कौशल की दरकार होती है। कॉस्मेटोलॉजी एक अनूठा कार्य क्षेत्र है, जिसमें न केवल महिलाएं, बल्कि पुरुष भी सीख सकते हैं और सफल हो सकते हैं।

## कॉस्मेटोलॉजिस्ट के लिए योग्यताएं

कॉस्मेटोलॉजी के करियर में बनाने के लिए व्यावसायिक कौशल निश्चित रूप से मायने रखता है। कॉस्मेटोलॉजिस्ट में प्रशिक्षण, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स के साथ उचित गुण और आत्मविश्वास भी बेहद जरूरी है। इसके होने या न होने से करियर बन भी सकता है और बिगड़ भी सकता है। एक कॉस्मेटोलॉजिस्ट बाल और मेकअप डिजाइन के माध्यम से खूबसूरती बढ़ाता है और एक नया रूप देता है। उसके लिए स्वाभाविक रूप में रचनात्मक होना जरूरी है, क्योंकि कॉस्मेटोलॉजिस्ट को अपने ग्राहकों के लिए हेयरस्टाइल की परिकल्पना करने या उन्हें उनकी जरूरत के हिसाब से स्टाइल देने में सक्षम होना चाहिए।

## कॉस्मेटोलॉजिस्ट सेक्टर में कस्टमर सर्विस

फॉरमेटोलॉजिस्ट को ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध बनाने चाहिए, क्योंकि उनका ज्यादातर व्यवसाय ग्राहकों के बार-बार आने और उनके द्वारा दूसरों को बताने पर निर्भर करता है। उन्हें अपने ग्राहकों की जरूरतों को ठीक-ठीक समझने के लिए उनके साथ पर्याप्त मात्रा में समय बिताने की जरूरत होती है, इसलिए अच्छे कम्युनिकेशन स्किल का होना बेहद अहम है। कॉस्मेटोलॉजिस्ट को अपने ग्राहकों को सटीक जरूरतों को गौर से सुनना चाहिए और उनके पसंद के मुताबिक सेवाएं देनी चाहिए।

## कॉस्मेटोलॉजिस्ट के लिए तकनीकी कौशल

तकनीकी कौशल के लिए आपको कॉस्मेटोलॉजी से संबंधित विशिष्ट पाठ्यक्रमों वाले संस्थान में दाखिला लेना होगा। ये व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध होते हैं, जिनमें मेकअप, सौंदर्य, बाल और नाखून संबंधी कोर्स शामिल है।

## कॉस्मेटोलॉजिस्ट में होनी चाहिए सहानुभूति

एक कॉस्मेटोलॉजिस्ट के लिए लंबे समय तक खड़े रह सकने को शारीरिक क्षमता जरूरी है। इसके अलावा, कॉस्मेटोलॉजिस्ट को स्टाइलिंग के दौरान कस्टमर के बाल बार-बार सेट करने और सुखाने, साथ ही हाथों को एक निश्चित स्थिति में थामे रहने की जरूरत पड़ती है, इसलिए हाथों को स्थिर बनाए रखते हुए ऐसा करने के लिए उनमें मजबूत शारीरिक क्षमताएं होनी ही चाहिए।

## कॉस्मेटोलॉजिस्ट सेक्टर में संभावनाएं

सौंदर्य उद्योग में करियर की असीमित संभावनाएं हैं। यह अनुभव और प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ आय में बढ़ोतरी की संभावनाओं से ये करियर विकल्प है। प्रशिक्षित कॉस्मेटोलॉजिस्ट ब्यूटी पार्लर, महंगे सैलून और आलीशान होटल व रिसॉर्ट्स में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। टेलीविजन और फिल्म उद्योग में मेकअप प्रोफेशनल्स की मांग हमेशा ही होती है। इसके अलावा, फैशन जगत में भी उनकी मांग रहती है।

### ये संस्थान, जो कॉस्मेटोलॉजी में कई प्रकार के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं –

- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्मेटोलॉजी, मुंबई
- लॉरियल प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्मेटोलॉजी, चेन्नई
- VLCC इंस्टीट्यूट ऑफ ब्यूटी एंड वेलनेस, बेंगलुरु
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्मेटोलॉजी, नई दिल्ली

# चीन से पूरी तरह पल्ला झाड़ नहीं सकता भारत

## चीन से आयात पर सीमा शुल्क बढ़ने से कई विभागों की बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और चीन के बीच बीते काफी समय से तनातनी है। इसके बावजूद दोनों ट्रेड डिप्लोमेसी से बंधे हैं। कारोबार ने इन्हें जकड़ कर रखा है। इस बीच भारत सरकार चीन से आयात पर सीमा शुल्क बढ़ाने के अपने फैसले के लिए आलोचनाओं का सामना कर रही है। सरकार के भीतर ही कुछ विभाग मानते हैं कि टैरिफ का इस्तेमाल कूटनीतिक हथियार के रूप में बहुत सोच-विचार कर होना चाहिए। वे इसके लिए किसी हड़बड़ी के पक्ष में नहीं हैं। इसकी वजह है। ऐसी चिंताएं हैं कि भारत की मैन्यूफैक्चरिंग-फोकस्ड स्कीमों जैसे प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम पर इसका प्रतकूल असर हो सकता है। चीन अभी भी भारत के 14 फीसदी आयात का प्रतिनिधित्व करता है। ड्रैगन न केवल इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स और चमड़े सहित तमाम उद्योगों के लिए कच्चा माल मुहैया करता है। अलबत्ता, पूंजीगत सामान भी उपलब्ध कराता है। भारत में औसत टैरिफ 2014 में 13 फीसदी से बढ़कर 2022 में 18.1 फीसदी हो गया है। इससे भारत वियतनाम, थाईलैंड और मैक्सिको जैसे देशों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी हो गया है।



### भारत-चीन व्यापार संबंध

सरकार को घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने के लिए ऊंचे टैरिफ का इस्तेमाल करती है। इसे लागू किए जाने के बाद उसे तमाम मंत्रालयों के विरोध का सामना करना पड़ा है। 2020 में गलवान में हुई झड़प के बाद चीनी आयात पर अंकुश का असर अब इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर दिखने लगा है। इसके कारण घरेलू उत्पादन में कमी आई है। भारतीय मैन्यूफैक्चर्ड वस्तुओं का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ घटा है। एप्पल इंक जैसी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले लॉबी समूहों ने चिंता जाहिर की है कि भारत के ऊंचे टैरिफ चीन से सप्लाई चेन को हतोत्साहित करते हैं। वियतनाम, थाईलैंड और मैक्सिको जैसे देशों ने कम्पोनेंट पर कम टैरिफ रखा है। ये उन व्यवसायों को लुभा रहे हैं जो चीन से दूर जाना चाहते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ज्यादा टैरिफ के कारण ऊंची उत्पादन लागत के बारे में चिंता जताई है। सर्किट बोर्ड, चार्जर और पूरी तरह से एसेम्बल्ड फोन सहित पुर्जों पर शुल्क में कमी की गुहार लगाई है। कुछ कटौती पर सहमति बनी है। इसे देखते हुए सरकार ने कई आईटी वस्तुओं पर शुल्क कम कर दिया है। चीन से निम्न-गुणवत्ता वाले आयात पर अंकुश लगाने के प्रयास में भारत ने क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर (क्यूसीओ) लागू किए हैं। ये एमएसएमई के लिए जरूरी कच्चे माल तक पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं। टैरिफ वार्ता में शामिल एक सरकारी अधिकारी ने माना है कि भारत के आयात शुल्क अन्य देशों की तुलना में ज्यादा हैं। अधिकारी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास और वैश्विक बाजारों के साथ बेहतर एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए टैरिफ में धीरे-धीरे कमी की जरूरत पर बल दिया है।

### चीन के पक्ष में झुका है व्यापार

भारत का चीन के कुल व्यापार में न के बराबर हिस्सा है। लेकिन, वह फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चीनी आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर करता है। टैरिफ को धीरे-धीरे कम करना और ग्लोबल बाजारों के साथ बेहतर एकीकरण भारत के विकास और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए ज्यादा लाभकारी नजरिया हो सकता है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन की स्टडी से पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक सेगमेंट में चीन, थाईलैंड, वियतनाम और मैक्सिको की तुलना में भारत में कच्चे माल पर सबसे ज्यादा टैरिफ है। ऊंचे टैरिफ उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों से बराबरी के लिए टैरिफ में कमी की मांग की गई है। एल्यूमीनियम, पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल्स जैसे वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाना उद्योग की ताकत को कम करता है। ऐसी वस्तुओं में भारत काफी संपन्न है। ज्यादा आयात शुल्क भारतीय निर्यात को भी कम प्रतिस्पर्धी बनाता है। इससे घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग में खामियों को बढ़ावा मिलता है। एनडीए सरकार ने 2016 से आयात शुल्क में कई बढ़ोतरी लागू की है। यह आयात शुल्क को कम करने के पिछले ट्रेंड से अलग है। वाणिज्य मंत्रालय इस बात से इनकार करता है कि ये शुल्क बढ़ोतरी संरक्षणवादी है। उसका दावा है कि यह वैश्विक रुझानों के अनुरूप हैं। भारत ने हाल के वर्षों में द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने में रुचि दिखाई है। हालांकि, विश्लेषकों ने आगाह किया है कि कुछ प्रस्तावित सीमा शुल्क बढ़ोतरी डब्ल्यूटीओ-अनिवार्यता के करीब है या उससे अधिक हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 साल में 20 प्रतिशत महंगे हुए मकान

- फिर भी तेज बनी हुई है घरों की डिमांड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मजबूत मांग के दम पर देश में मकान की कीमतें बेहिसाब तेजी से बढ़ रही हैं। बीते 2 साल के दौरान देश में मकान 20 फीसदी महंगे हो गए हैं। ऐसे में आम लोगों के लिए अपने घर के सपने को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि आंकड़े बताते हैं कि दाम बेतहाशा बढ़ने के बाद भी मकानों की डिमांड मजबूत बनी हुई है। क्रेडाई और कोलियर्स लियासेज फोराज की हाउसिंग प्राइस ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2023 के दौरान मकानों की कीमतों में 20 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। रिपोर्ट बताती है कि मकानों की कीमतों में 2 साल के दौरान आई 20 फीसदी की इस तेजी का कारण डिमांड में उल्लेखनीय बढ़ोतरी



है। बेंगलुरू में सबसे ज्यादा बढ़े घरों के दाम रिपोर्ट के अनुसार, देश के टॉप-8 शहरों में मकानों की कीमतों में 2021 से 2023 के दौरान करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। मकानों के दाम इस दौरान सबसे ज्यादा बेंगलुरू, दिल्ली एनसीआर और कोलकाता में बढ़े हैं। इन तीन शहरों में बीते 2 साल के दौरान मकान करीब 30 फीसदी महंगे हो गए हैं। सबसे ज्यादा 31 फीसदी की तेजी बेंगलुरू में आई है। सिर्फ 2023 की बात करें तो टॉप-8 शहरों में सालाना आधार पर मकानों के दाम 9 फीसदी बढ़े हैं।

**अनसोल्ड इन्वेंट्री में आई तेज गिरावट-** मकानों के दाम में बीते सालों के दौरान आई इस तेजी के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। रिपोर्ट का कहना है कि घर खरीदारों का भरोसा मजबूत बना हुआ है। वहीं ब्याज दरें अनुकूल हैं और इकोनॉमिक आउटलुक सकारात्मक है। इन कारणों से हाउसिंग डिमांड मजबूत बनी हुई है और अंततः सभी प्रमुख शहरों में मकानों के दाम बढ़ रहे हैं। इस डिमांड के चलते अनसोल्ड इन्वेंट्री तेजी से कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2023 के दौरान दिल्ली एनसीआर में अनसोल्ड इन्वेंट्री में सबसे ज्यादा 19 फीसदी की गिरावट आई है।

### सोनी प्ले स्टेशन में 900 कर्मचारियों की होगी छंटनी, लंदन स्टूडियो बंद करने की अटकलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोनी प्ले स्टेशन के 900 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस छंटनी से अमेरिका से लेकर एशिया तक के क्षेत्रों में डिवीजन के लगभग आठ प्रतिशत कर्मचारियों पर इसका असर पड़ेगा। गौरतलब

SONY

है कि सोनी लंदन में एक स्टूडियो के बंद करने की भी अटकलें तेज हो गई है।

मीडिया रिपोर्ट के हवाले, वीडियो गेम उद्योग कोविड महामारी के बाद से ही मंदी से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। सोनी गेमिंग के प्रमुख जिम रयान ने वीडियो गेम उद्योग के उत्पादों के विकास, वितरण और लॉन्च के तरीके में बदलाव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि हमने निष्कर्ष निकाला है कि कड़े फैसले जरूरी हो गए हैं। गौरतलब है कि जिम रयान मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल स्टॉक एक्सचेंज से होगी डीलिस्ट

### कंपनी ने दी जानकारी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे रईस कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी की भारी कर्ज में डूबी कंपनी रिलायंस कैपिटल शेयर बाजार से डिलिस्ट होने वाली है। कंपनी की ओर से बुधवार को एक्सचेंज फाइलिंग में ये जानकारी दी गई। बता दें, रिलायंस कैपिटल दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है।

शेयर बाजार को दी गई जानकारी में कंपनी ने कहा कि एनसीएलटी द्वारा कंपनी के रिजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद कंपनी अपने मौजूदा स्टॉक्स को शेयर बाजार से हटाने पर विचार कर रही है। आगे कहा कि ये कदम आने वाले निवेशक के द्वारा कंपनी में न्यूनतम शेयर होल्डिंग हासिल करने के लिए लिया गया है। रिलायंस कैपिटल के शेयरों में 26 फरवरी 2024 यानी इसी सोमवार से ट्रेडिंग बंद है।

### हिंदुजा ग्रुप, रिलायंस कैपिटल को खरीदेगा

दिवाला प्रक्रिया के तहत हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ने रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपए में बोली जीती है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ से इसे मंजूरी भी मिल चुकी है। आईआईएचएल ने कर्ज के बोझ से दबी रिलायंस कैपिटल की बिक्री के लिए दिवाला प्रक्रिया के तहत दूसरे दौर की नीलामी में यह बोली लगाई थी। एनसीएलटी की तरफ से स्वीकृत कर्ज समाधान योजना में कंपनी के कर्जदाताओं को 63 प्रतिशत का तगड़ा नुकसान यानी 'हेयरकट' झेलना होगा।

### सभी शेयर होंगे रद्द

सेबी के स्टॉक के डिलिस्टिंग और एनसीएलटी के नियमों के मुताबिक ही रिलायंस कैपिटल के शेयर को डिलिस्ट किया जाएगा। लिक्विडेशन के समय रिलायंस कैपिटल के शेयरधारकों की इक्विटी वैल्यू को जीरो माना जाएगा। इसका मतलब है कि डिलिस्टिंग के लिए शेयरधारकों को किसी भी राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

### 37 साल पहले धीरूभाई अंबानी ने खड़ी की थी कंपनी

रिलायंस समूह के संस्थापक धीरूभाई अंबानी ने इस कंपनी को 37 साल पहले 5 मार्च 1986 को स्थापित किया था। रिलायंस कैपिटल लिमिटेड को 1986 में गुजरात के अहमदाबाद में रिलायंस कैपिटल एंड फाइनेंस ट्रस्ट लिमिटेड के रूप में शामिल किया गया था। 5 जनवरी 1995 को इसका नाम रिलायंस कैपिटल लागू हुआ।

## सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट पर काम शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसजेवीएन के शेयर आज बुधवार को 1.7 पर्सेंट चढ़कर 124.50 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। कंपनी ने कहा कि उसने गुजरात के बनासकांठा में 100 मेगावाट की राघनेस्डा सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट शुरू की है। एसजीईएल ने गुजरात ऊर्जा विकास निगम (जीयूवीएनएल) द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धी टैरिफ बोली के माध्यम से इस 100 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को 2.64 रुपये प्रति यूनिट के टैरिफ पर हासिल किया है। इसके लिए 25 वर्षों के लिए बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**क्या है डिटेल -** 23 फरवरी को एसजेवीएन की सहायक कंपनी ने 300 मेगावाट सोलर एनर्जी कैपासिटी के लिए जम्मू में जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ बिजली उपयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। एसजीईएल ने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय विकास एजेंसी (यूपीएनईडीए) द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धी टैरिफ बोली के माध्यम से इस 50 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को 2.98 रुपये प्रति यूनिट के टैरिफ पर हासिल किया।

### एप्पल ने बंद किया अरबों डॉलर का ईवी प्रोजेक्ट

## सैकड़ों कर्मचारियों को छंटनी का डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अपने अरबों डॉलर वाले इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को लेकर बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने अपने इस कार प्रोजेक्ट को रद्द करने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दी गई है। बता दें कि कंपनी अपना पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रोजेक्ट को आने वाले कुछ सालों में टेस्ला को टक्कर देने के लिए बाजार में उतारने वाली थी लेकिन अब कंपनी ने अपने कार प्रोडक्शन के प्रोजेक्ट को रोक दिया है। इतना ही नहीं, कंपनी इस प्रोजेक्ट में काम कर रहे कर्मचारियों की छंटनी भी करने वाली है।

27 फरवरी को चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर जेफ विलियम्स और वाइस प्रेसिडेंट केविन लिंच द्वारा आंतरिक रूप से इस निर्णय का खुलासा किया गया, जिसने इस प्रोजेक्ट से जुड़े कर्मचारियों को सदमा लगा है।



### छंटनी का संकेत

एप्पल ने कथित तौर पर अपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल कार परियोजना पर स्थायी रूप से रोक लगा दी है। ऐसा होने से इस डिवीजन में काम कर रहे सैकड़ों कर्मचारियों के ऊपर छंटनी का डर मंडरा रहा है क्योंकि प्रोजेक्ट का सारा काम बंद कर दिया गया है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी संभवत 'टीम से सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रही है और प्रोजेक्ट पर सारा काम बंद कर दिया गया है।' कुछ कर्मचारियों को एप्पल के जेनरेटिव प्रोजेक्ट्स में ट्रांसफर किया जाएगा। एप्पल कार प्रोजेक्ट में लगभग 1,400 कर्मचारी थे।

### कब लॉन्च होनी थी एप्पल कार?

दिसंबर 2023 में कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक कार, जिसे एप्पल कार नाम दिया गया है, के लॉन्च को साल 2026 तक के लिए टाल दिया था। ऐसी उम्मीद थी इस कार की कीमत एक लाख डॉलर से कम होगी। आईफोन बनाने वाली कंपनी का इरादा था कि पहले कार को बिना स्टीयरिंग व्हीकल या पैडल वाला एक ऑटोमोबाइल बनाया जाए, जिससे यात्रियों को लिमोसिन-शैली के वाहन में एक-दूसरे के सामने बैठने की सुविधा मिल सके। पहले की रिपोर्टों के अनुसार, बाद में प्रोजेक्ट का दायरा कम कर दिया गया और ड्राइवर की सीट, स्टीयरिंग व्हील और पैडल के साथ अधिक पारंपरिक डिजाइन तैयार किया गया।

## पेट्रोल की कीमत 3 देशों में 3 रुपये से भी कम



### भारत से काफी सस्ता है पाकिस्तान में पेट्रोल

पाकिस्तान में पेट्रोल की औसत कीमत 81.66 रुपये (भारतीय करेंसी में) से बढ़कर अब 81.76 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके बावजूद पोर्टब्लेयर से भी सस्ता तेल पाकिस्ता में है। नेपाल में पेट्रोल अब 107.44 रुपये की जगह 107.68 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि भारत में औसत रेट 104.18 रुपये है। श्रीलंका में पेट्रोल के दाम 121.17 रुपये प्रति लीटर से [illegible]

### अफगानिस्तान में भी पेट्रोल भारत से काफी सस्ता

अफगानिस्तान में पेट्रोल 85.74 रुपये लीटर से बढ़कर 85.87 रुपये पर पहुंच गया है। मालदीव में पेट्रोल का रेट 77.13 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 77.16 रुपये लीटर पर पहुंच गए हैं। भूटान में 67.58 रुपये पर स्थिर है, जबकि बांग्लादेश में 94.40 रुपये लीटर से बढ़कर 94.48 रुपये हो गया है। चीन में पेट्रोल की कीमत 96.89 रुपये से घटकर 96.84 रुपये रह गई है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में 654वें दिन भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन पड़ोसी देशों में कई जगह ईंधन के रेट में बदलाव देखने को मिल रहा है। आज भारत में सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्टब्लेयर में 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये लीटर बिक रहा है। दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल भारत के सबसे सस्ते पेट्रोल से करीब 36 गुना कम रेट पर मिल रहा है। दुनिया के तीन देशों में पेट्रोल की कीमत 3 रुपये प्रति लीटर से भी कम है। हम बात कर रहे हैं ईरान, लीबिया और वेनुजुएला की। ग्लोबल पेट्रोल प्राइस पर दिए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत भारतीय रुपये में 2.37 रुपये से लेकर 2.90 रुपये तक [illegible] 2.57 रुपये और वेनेजुएला में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 2.90 रुपये है।

### दुनिया में सबसे महंगा पेट्रोल

अगर दुनिया में सबसे महंगे पेट्रोल की बात करें तो हांगकांग ऐसा शहर है जहां, एक लीटर पेट्रोल के लिए 258.45 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। जबकि, अपने देश में सबसे महंगा पेट्रोल राजस्थान के श्रीगंगानगर में 113.44 रुपये लीटर है। यानी भारत के सबसे महंगे पेट्रोल से करीब दोगुने से थोड़ा अधिक। कच्चे तेल के भाव की बात करें तो ब्लूमबर्ग एनर्जी पर दिए गए ताजे अपडेट के मुताबिक ब्रेंट क्रूड का अप्रैल वायदा 83.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जबकि, डब्ल्यूटीआई क्रूड 78.63 डॉलर [illegible]

## अडानी ग्रुप का संकट मोचक जीक्यूजी पार्टनर्स बना सबसे बड़ा निवेशक, होल्डिंग्स में एलआईसी को पछाड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के संकट मोचक बने राजीव जैन ग्रुप के अधिकांश शेयरों में धीरे-धीरे अपना निवेश इतना बढ़ाया कि उनकी कंपनी इस अडानी के शेयरों में सबसे बड़ी निवेशक बन गई। करीब 9 अरब डॉलर के शेयरों के साथ तत्त्व पार्टनर्स ने एलआईसी को पीछे छोड़ दिया है। तत्त्व पार्टनर्स ने जहां पिछले छह महीनों में अडानी ग्रुप की अधिकांश कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है, वहीं देश के सबसे बड़े संस्थागत निवेशक एलआईसी ने अडानी ग्रुप की तीन कंपनियों अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडानी पोर्ट्स में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है।



दिसंबर तिमाही के दौरान एलआईसी ने अडानी पोर्ट्स में अपनी हिस्सेदारी 1.2 फीसद घटाकर 7.86 प्रतिशत कर दी। जबकि, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में एलआईसी ने क्रमिक रूप से अपनी हिस्सेदारी 3.68 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत कर दी। मंगलवार को बंद होने तक अडानी के शेयरों में एलआईसी

### केवल दो कंपनियों में निवेश की वैल्यू अब 39,000 करोड़

अडानी ग्रुप की केवल दो कंपनियों में जीक्यूजी पार्टनर्स के निवेश की वैल्यू अब 39,000 करोड़ है। इसकी अडानी पावर में हिस्सेदारी 7.73 प्रतिशत और अडानी ग्रीन एनर्जी में 7.1 प्रतिशत है। इसी तरह अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में भी इसकी हिस्सेदारी 6.5 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में 3.8 प्रतिशत है। सीएनबीसी-टीवी18 के साथ एक विशेष बातचीत में जीक्यूजी पार्टनर्स के राजीव जैन ने कहा कि ग्रोथ कैपेक्स को कम करना या बढ़ाना आसान है। जब आईआरआर उच्च स्तर पर हो तो पूंजी तक पहुंच कोई समस्या नहीं है। अडानी पावर और अडानी ग्रीन एनर्जी में जीक्यूजी पार्टनर्स की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। इन दोनों स्टॉक्स ने पिछले छह महीनों में ग्रुप की कंपनियों के बीच सबसे अच्छा रिटर्न दिया है। उदाहरण के लिए, जबकि अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर पिछले छह महीनों में दोगुने से अधिक हो गए हैं, इसी अवधि के दौरान अडानी पावर के शेयर में 74 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं राहुल!



## इलाज के लिए विदेश गए

**नई दिल्ली।** केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं। वह हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। इसके बाद वह बाकी 3 टेस्ट नहीं खेल सके। अब क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, राहुल इलाज कराने के लिए इंग्लैंड गए हैं। जिस कारण 7 मार्च से होने वाले 5वें टेस्ट में भी उनके खेलने पर संशय है।

राहुल से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी अपनी एड़ी की सर्जरी कराने के लिए लंदन गए थे। उनकी सर्जरी सफल रही, लेकिन उन्हें फील्ड पर वापसी करने में 6 से 8 महीने का समय लग सकता है।

## इंग्लैंड से सीरीज में एक ही मैच खेला



## पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए थे राहुल

केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए। इसके बाद से बाकी तीन मैचों में वह नहीं खेल सके। उन्हें हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द हुआ था। जिसके लिए पिछले साल उनकी सर्जरी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी उन्हें कुछ परेशानी है। वहीं मैनेजमेंट टीम में उनकी दोहरी भूमिका को देखते हुए कोई रिस्क नहीं लेना चाहती।

## इंग्लैंड के खिलाफ 3 टेस्ट नहीं खेले

BCCI ने केएल राहुल को चोट से रिकवरी करने के लिए आराम दिया। पहले वह तीसरे टेस्ट से वापसी करने वाले थे लेकिन चोट के कारण चौथे टेस्ट तक बाहर हो गए। BCCI ने अब उन्हें एक्सपर्ट डॉक्टर्स की निगरानी में इलाज कराने के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, करीब एक सप्ताह से उनका इलाज चल रहा है। ऐसे में उनके 7 मार्च से धर्मशाला में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट में भी वापसी की संभावना नहीं है।

## केएल राहुल को पिछले साल IPL के दौरान जांघ में लगी थी चोट

केएल राहुल पिछले साल IPL के दौरान लखनऊ के इकाना स्टेडियम में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। RCB की पारी के दूसरे ओवर में फाफ डु प्लेसिस का शॉट रोकने के प्रयास में राहुल के पैर में चोट लगी। तब वह मैदान से बाहर चले गए थे। आखिर में राहुल चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे, लेकिन उन्हें रन दौड़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### विराट के बाद उनके खास दोस्त केन विलियमसन बने पिता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और धाकड़ बल्लेबाज केन विलियसन तीसरी बार पिता बन चुके हैं। उनकी पार्टनर सारा रहीम ने फूल सी नाजुक बेटी को जन्म दिया है। विलियनसन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी और नवजात बेटी के साथ फोटो शेयर करते



हुए यह खुशखबरी शेयर की। केन ने तस्वीर के साथ लिखा, और फिर वहां तीन थे। दुनिया में स्वागत है खूबसूरत लड़की। आपके सुरक्षित आगमन और आगे की रोमांचक यात्रा के लिए बहुत आभारी हूं।

#### दो बेटी, एक बेटे के माता-पिता

दंपति के पहले से ही दो बच्चे थे। बड़ी बेटी तीन साल की है, जिसका नाम मैगी है तो छोटे बेटे की उम्र एक साल है। पितृत्व अवकाश पर होने के कारण विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की हालिया टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाए थे। हालांकि, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल की दो टेस्ट मैच की सीरीज में शानदार लय में नजर आए थे, जिससे ब्लैक कैप्स को दक्षिण अफ्रीका पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने में मदद मिली थी।

### पाक स्पिनर ने पीएसएल में रचा इतिहास

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान सुपर लीग के 14वें मुकाबले में मंगलवार को शाहीन अफरीदी की कप्तानी वाली लाहौर कलंदर्स सीजन का लगातार छठा मैच हार गई। मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली मुल्तान सुल्तांस ने लाहौर कलंदर्स को 60 रन से हरा दिया। मुल्तान की इस जीत में उस्मान खान का बल्ले से और



उसामा मीर का गेंद से बहुमूल्य योगदान रहा। उस्मान खान ने 55 गेंद में 96 रन की विस्फोटक पारी खेली थी तो वहीं उसामा मीर ने गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लेकर इतिहास रचने का काम किया। उसामा मीर ने इस मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 40 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किए। मीर का यह पीएसएल में बेस्ट बॉलिंग फिगर तो था ही साथ ही वह पीएसएल में 6 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज भी बने।

# भारत के धुरंधर खिलाड़ियों के क्लब में शामिल होंगे अश्विन

## टेस्ट क्रिकेट में बनाएंगे स्पेशल सेंचुरी



नईदिल्ली, एजेंसी।भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक खास क्लब में शामिल होने जा रहे हैं। धर्मशाला में 7 मार्च 2024 को जब अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में उतरेंगे तो वे देश के उन धुरंधर खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने भारतीय टेस्ट टीम के लिए 100 या इससे ज्यादा मैच खेले हैं। आर अश्विन इस उपलब्धि को हासिल करने वाले देश के 14वें खिलाड़ी बनने जाएंगे। अश्विन से पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, अनिल कुंबले, कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, सौरव गांगुली, विराट कोहली, ईशांत शर्मा, वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह और चेतेश्वर पुजारा 100 या इससे ज्यादा टेस्ट मैच देश के लिए खेल चुके हैं। भारत के लिए सबसे पहले 100 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी सुनील गावस्कर थे। उनके बाद कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर का नाम आता है।

देश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने की बात आती है तो सबसे ऊपर नाम सचिन तेंदुलकर का आता है। वह भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 200 टेस्ट मैच खेले हैं। अश्विन की बात करें तो वे दुनिया के 76वें खिलाड़ी बन जाएंगे, जिन्होंने 100 या इससे ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं। अगर जॉनी बेयरेस्टो को मौका मिलता है तो वह भी धर्मशाला में 100वां टेस्ट मैच खेल सकते हैं। उनकी फॉर्म इस दौरे पर खराब रही है। अश्विन ने अब तक खेले 99 टेस्ट मैचों में भारत के लिए 507 विकेट निकाल चुके हैं। 35 बार उन्होंने टेस्ट में फाइव विकेट हॉल प्राप्त किया है और 8 बार मैच में 10 या इससे ज्यादा विकेट निकालने में सफल हुए हैं। 24 बार वे फोर विकेट हॉल प्राप्त कर चुके हैं। बल्लेबाज के तौर पर 99 मैचों की 1400 पारियों में अश्विन ने 5 शतक और 14 अर्धशतकों के साथ 3309 रन बनाए हैं। अश्विन देश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।



# कुलदीप यादव

## मेड इन इंडिया वाला चाइनामैन

### जिसने अंग्रेजों को औने-पौने दाम में बेच दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रांची में अंग्रेजों की लंका लगाने के बाद अबकुलदीप यादव पांचवें टेस्ट के लिए धर्मशाला जा रहे हैं। धर्मशाला में ही उन्होंने अपना टेस्ट डेब्यू किया था और अब एक बार फिर उनके पास अपना हुनर दिखाने का मौका है। टेस्ट करियर में उतार-चढ़ाव के बावजूद कुलदीप ने 21.82 की औसत से प्रभावित किया है। इंग्लैंड के खिलाफ करीबी मुकाबले में उन्होंने न सिर्फ अपनी कला और विकेट लेने की काबिलियत दिखाई है बल्कि बल्ले से भी योगदान देने की इच्छाशक्ति दिखाई है। कुलदीप भारतीय टीम में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के बाद तीसरे नंबर के स्पिनर हैं। कई बार उन्हें अक्षर पटेल से भी पीछे रहना पड़ता है। इससे जब भी उन्हें मौका मिलता है तो उन पर प्रदर्शन का दबाव रहता है। हालांकि, उन्होंने 2019 में खराब दौर और 2021 में घुटने की चोट के बाद अपने कौशल और तकनीक को फिर से खोजते हुए खेल के प्रति एक समझदार दृष्टिकोण दिखाया है।

#### पूरी सीरीज में रहे असरदार

एक गेंदबाज के रूप में कुलदीप का विकास उल्लेखनीय रहा है। बचपन में बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी से बदलकर उन्होंने खुद को बाएं हाथ का कलाई का स्पिनर बनाया। अपने हुनर को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। इंग्लैंड उनकी घातक स्पिन गेंदबाजी का सामना कर रहा है। विशाखापट्टनम टेस्ट की पहली पारी में कुलदीप ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। राजकोट और रांची में, जहां भारत ने सीरीज जीत हासिल की, उन्होंने अहम भूमिका निभाई।




राजकोट में तीसरे दिन, उन्होंने 12 ओवर का स्पैल डाला, जिसने इंग्लैंड के पतन की शुरुआत की। रांची में, उन्होंने दूसरी पारी में 4/22 विकेट लिए और बल्ले से भी योगदान दिया, ध्रुव जुरेल के साथ 76 रन की साझेदारी की।

#### ..फिर भी कभी हार नहीं मानी

कुलदीप यादव को जैक क्राउली ने जिस तरह जाल में फंसाया वह काबिल-ए-तारीफ था। पहले क्राउली को शॉट के लिए ललचाया और फिर अपनी टर्न से उन्हें चारों खाने चित कर दिया। कुलदीप के सफर में बाधाएं दोस्त बनकर हमेशा साथ चलती रहीं। सिलेक्शन की मजबूरियों और इंजरी के चलते उनके टेस्ट करियर की गाड़ी रुक-रुककर चलती रही। साल 2017 में सफल वनडे डेब्यू के बाद उन्हें श्रीलंका में पहले तीन वनडे के लिए नजरअंदाज कर दिया गया था। उन्हें लंबे समय तक टीम से बाहर रहना पड़ा, जिसमें जनवरी 2019 से फरवरी 2021 के बीच लगातार 15 टेस्ट शामिल हैं।

#### एक अच्छा मैच और कहानी दूसरी होगी

इन सारी असफलताओं के बावजूद कुलदीप यादव ने हार नहीं मानी और अपने खेल पर काम किया। हाल के दिनों में, उन्होंने अपनी गेंदबाजी स्टाइल में बदलाव किया है। बड़े स्ट्राइड के साथ फ्लैटर और तेज गेंदबाजी की है।
यह उनके शरीर पर आसान और अधिक प्रभावी रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में कुलदीप का औसत, इकॉनमी रेट और स्ट्राइक रेट अश्विन और जडेजा से बेहतर है। उन्होंने अहम मौकों पर भी अहम योगदान दिया है। धर्मशाला में अगर वह एक मैच विनिंग स्पैल डाल देते हैं तो उनकी रेड बॉल फॉर्मेट यात्रा में एक मील का पत्थर जोड़ सकते हैं।

## महिला प्रीमियर लीग 2024 -

# क्लिनिकल ने आरसीबी को गुजरात पर जीत दिलाई

**बेंगलुरु, एजेंसी। यहां** मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 5वें मैच में स्पिनर सोफी मोलिनक्स (3-25) और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (2-14) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात जायंट्स को 45 गेंदें बाकी रहते 107/7 पर रोक दिया और आठ विकेट से बड़ी जीत हासिल कर ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्हें जल्द ही सफलता मिली, जब यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रेणुका सिंह ने बोर्ड पर सिर्फ 11 रन बनाकर गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी को आठ रन पर आउट कर दिया। रेणुका ने लेंथ डिलीवरी को थोड़ा आगे बढ़ाया, जिससे अंदरूनी किनारे से बचने और स्टंप्स बिखेरने में मदद मिली।

डब्ल्यूपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली फोएबे लीचफील्ड ने रेणुका को 5 रन पर ऋचा घोष के हाथों




आउट कर दिया और मोलिनक्स ने वेदा कृष्णमूर्ति को 5 रन पर वापस भेज दिया, गुजरात जाइंट्स 45/3 पर संकट में थे। उनकी मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब हरलीन देयोल, जो 31 में से 22 रन बनाकर अच्छी दिख रही थीं, एक गैरजरूरी सिंगल के लिए रन आउट हो गईं। उस समय गुजरात जायंट्स का स्कोर 50/4 था। दयालन हेमलता ने 25 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाकर स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया, हालांकि आरसीबी के गेंदबाजों ने गुजरात की पारी को मजबूती से बांधे रखा।108 रनों का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स को कप्तान स्मृति मंधाना ने सहारा दिया। उन्होंने 27 गेंदों में 43 रन बनाए।

## ऑस्टेलिया वर्सेस न्यूजीलेंड

# डेवोन कॉनवे चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे टी20 सीरीज के दौरान अंगूठे में लगी चोट के कारण गुरुवार से यहां सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को बल्लेबाजी कवर के रूप में टीम में बुलाया गया है और वह आज सुबह प्रशिक्षण के लिए वेलिंगटन में टीम में शामिल होंगे।

कॉनवे को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और फिन एलन ने शेष पारी के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार को कहा कि कॉनवे को बाहर करने का फैसला कल वेलिंगटन में अतिरिक्त स्कैन के बाद किया गया, जिसमें उनके बाएं अंगूठे को नुकसान होने का पता चला। चोट का पता लगाने के लिए आगे के चिकित्सा परामर्श के बाद सप्ताह के अंत में एक और अपडेट लिया जाएगा। कोच गैरी स्टीड ने कहा, डेवोन के लिए एक महत्वपूर्ण मैच की पूर्व संध्या पर बाहर होना निराशाजनक है। वह हमारे लिए शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करने वाला शानदार खिलाड़ी है और मुझे पता है कि वह वास्तव में इस श्रृंखला का इंतजार




कर रहा था। स्टीड ने निकोल्स का टीम में वापस आने का स्वागत करते हुए कहा, हेनरी जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल करना अच्छा है। उनके पास काफी टेस्ट अनुभव है और हमारे बल्लेबाजी क्रम में कई स्थान शामिल हैं। न्यूजीलैंड वर्तमान में 75 प्रतिशत जीत-हार प्रतिशत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में सबसे आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में 55 प्रतिशत जीत के साथ तीसरे स्थान पर है।

बिग बॉस 17 फेम

# आयशा खान को मिली दुलकर सलमान की फिल्म

**रिऐलिटी शो बिग बॉस 17 में मुनव्वर फारूकी के साथ अपने झगड़े को लेकर सुर्खयां बटोरने वालीं आयशा खान को लेकर ताजा अपडेट है। कहा जा रहा है कि आयशा जल्द ही मलयालम स्टार दुलकर सलमान के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म में नजर आनेवाली हैं।**

रियलिटी शो बिग बॉस 17 में मुनव्वर फारूकी पर अपने रिश्ते को लेकर तमाम आरोप लगा चुकीं आयाश खान एक बार फिर से चर्चा में हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबाकि, आयशा बहुत जल्द मलयालम स्टार दुलकर सलमान के साथ उनकी फिल्म में नजर आनेवाली हैं। बताया गया है कि इस फिल्म का नाम लकी बस्खर है जिसमें दुलकर के साथ दिखेंगी आयशा खान। बता दें कि ये तेलुगू फिल्म है और अपनी इस फिल्म को लेकर आयाश बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी इस फिल्म को लेकर बातें करते हुए आयशा ने कहा, मुझे अपने साउथ इंडियन फैन्स से जो प्यार मिला है वो जबरदस्त है और ये कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी। मैं हमेशा खुद को बेहतर करने के लिए खुद को प्रेरित करती हूं और इस मामले में दुलकर सलमान से बेहतर और कौन हो सकता है। दुलकर ऐसे शख्स हैं जिनकी कला की मैंने हमेशा प्रशंसा की है।



# शाहिद कपूर ने बॉलीवुड कैम्प पर साधा निशाना



बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को लेकर सुर्खियों में छाए हैं। 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज इस फिल्म को खूब पसंद किया जा रहा है। कृति सेनन और शाहिद कपूर स्टारर इस फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड 125 करोड़ तक की कमाई कर ली है। इसी बीच एक्टर ने बॉलीवुड में आउटसाइडर्स की एंट्री को लेकर खुलकर बात की है। एक्टर ने बताया है कि कैसे बॉलीवुड में बाहर से आए लोगों के साथ व्यवहार किया जाता है। इसके अलावा एक्टर ने बॉलीवुड कैम्प पर भी निशाना साधा है। शाहिद कपूर ने यह भी बताया कि उन्हें स्ट्रगल के दिनों में बुली किया गया था। शाहिद कपूर ने हाल ही में नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर नेहा' में कहा कि शायद मुझमें किसी कैम्प का हिस्सा बनने की क्वालिटी नहीं है। मैं दिल्ली से था, जब मैं मुंबई आया तो मुझे मेरी क्लास में भी एक्सेप्ट नहीं किया गया। मैं आउटसाइडर था, क्योंकि मेरे बोलने का तरीका अलग था, मेरी बोली दिल्ली वाली थी। मेरे साथ बहुत लंबे समय तक बहुत बुरा बर्ताव किया गया। हम रेंट पर रह रहे थे, इसलिए हर 11 महीने में हम शिफ्ट हो जाते थे।

प्रेग्नेंसी अनाउंसमेट के बाद

# पहली बार पति संग स्पॉट हुई ऋचा चड्ढा



**कफ्तान ड्रेस में दिखा 37 की एक्ट्रेस का बेबी बंप**

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा इस समय अपनी जिंदगी के खूबसूरत फेज यानि प्रेग्नेंसी लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। ऋचा चड्ढा जल्द ही पति अली फैजल संग अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगी। कपल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को फैंस के साथ शेयर किया था।

वहीं अब प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद इस प्यारे कपल को पहली बार पब्लिक प्लेस पर स्पॉट किया गया।

ऋचा नीले रंग की प्रिंटेड काफ्तान ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।ऋचाकी काफ्तान ड्रेस में शेल डिटेलिंग के साथ बेल स्लीव्स थीं। सॉफ्ट मेकअप और लहराते बालों के साथ उन्होंने अपने लुक को सिंपल रखा। इस काफ्तान ड्रेस में ऋचा का बेबी बंप साफ दिख रहा था।

वहीं अली फज़ल सफेद और लाल रंग की जैकेट पहने हुए थे। 9 फरवरी, 2024 को ऋचा चड्ढा और अली फज़ल ने अपनी खुशखबरी की घोषणा की और बताया कि वे जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।

इस जोड़े ने एक प्यारे से नोट के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की। पहली तस्वीर पर लिखा था- 1+1=3.जिसके साथ कैप्शन लिखा-एक छोटी दिल की धड़कन हमारी दुनिया में सबसे तेज आवाज है।

# एक्टिंग ही नहीं, इन सितारों की होस्टिंग का हुनर भी कमाल दिखा

टीवी इंडस्ट्री के ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने अभिनय के साथ होस्टिंग में खुद को आजमाया और उतना ही सफलता मिलती। हाल ही में अभिनेत्री और गायक शहनाज गिल भी होस्टिंग में अच्छा करती नजर आईं। न सिर्फ शहनाज, बल्कि उनसे पहले करिश्मा तन्ना, ऋत्विक धनजानी जैसे एक्टर्स भी होस्ट बनकर फैंस के दिलों पर राज कर चुके हैं। आज इन्हीं के बारे में जानेंगे इस स्टोरी में।

## शहनाज गिल



गायक और अभिनेत्री शहनाज गिल ने अपनी आवाज और अभिनय का जादू खूब चलाया। शहनाज बिग बॉस में नजर आईं, तो वहां भी फैंस ने उन्हें बहुत प्यार दिया। शहनाज ने अपने करियर को नई उड़ान दी होस्टिंग के जरिए। उन्होंने शो 'देसी वाइब्स' को होस्ट कर फैंस का खूब प्यार लूटा। शहनाज का होस्टिंग का हुनर उन्हें एक अलग मुकाम पर ले गया। उनके शो में राजकुमार राव, कपिल शर्मा और दूसरे बड़े सेलेब्रिटीज ने शिरकत की।

## ऋतिक धनजानी



टीवी शोज जैसे 'प्यार की ये एक कहानी' और 'पवित्र रिश्ता' में ऋतिक ने अपने किरदारों के लिए प्रशंसा पाई। फिर ऋतिक धनजानी ने होस्टिंग की ओर रुख किया। एक होस्ट के तौर ऋतिक ने दर्शकों का दिल खोलकर मनोरंजन किया। आलम यह था कि एक के बाद एक ऋतिक को होस्टिंग के आफर मिलते गए। इंडियाज बेस्ट डांसर से लेकर झलक दिख ला जा जैसे रियलिटी शोज को ऋत्विक ने होस्ट कर एक नई पहचान बनाई। इन्होंने लगातार कुछ अलग करके अपने आपको साबित कर दिया।

## करिश्मा तन्ना



टीवी इंडस्ट्री में करिश्मा तन्ना का नाम आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। करिश्मा ने एक्टिंग में नाम कमाया, तो मॉडलिंग में भी एक पहचान बनाई। जब इन्होंने होस्टिंग का रुख किया, तो करिश्मा को उसमें भी सफलता मिली।

टीवी में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से लेकर 'नागिन' जैसे शोज किए। फिर होस्टिंग की बारी आई तो उन्होंने अपना दम यहां भी दिखाया। उन्होंने स्पेशल प्रोग्राम 'प्रेम की दीवाली' होस्ट किया, तो कई अवॉर्ड फंक्शंस और फिल्म फेस्टिवल्स को भी होस्ट करती नजर आईं। कॉमेडी चैंपियंस और इंडियाज मैजिक स्टार भी करिश्मा के खाते में गए।

## गौतम रोडे



संजय लीला भंसाली के टीवी सीरियल 'सरस्वतीचंद्र' से गौतम चर्चा में आए, तो उन्होंने महाकुंभः एक रहस्य एक कहानी, सूर्य पुत्र कर्ण जैसे शोज में अपने अभिनय का जलवा दिखाया। गौतम को लगता था कि वह होस्ट के तौर पर भी काफी अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं। जब होस्टिंग में आगे बढ़े, तो इसमें भी अच्छा किया। उन्होंने नच बलिए जैसे डांस रियलिटी शो होस्ट किया, तो इंडियाज गॉट टेलेंट भी किया। गौतम के फैंस को उनका सबकुछ कर लेने का यह अंदाज बहुत पसंद आता है।

## अर्जुन बिजलानी



इन दिनों टीवी शो 'प्यार का पहला अध्यायः शिव शक्ति में नजर आ रहे एक्टर अर्जुन बिजलानी शो 'नागिन' भी कर चुके हैं। सिर्फ यही नहीं, बल्कि उनके द्वारा किए गए दूसरे टीवी शोज में भी उनके अभिनय का कमाल दिख चुका है। अर्जुन की खासियत है कि जितना उम्दा उन्होंने अपने शोज में अभिनय किया, उतना ही बेहतरीन अपनी होस्टिंग में भी किया। उन्होंने स्प्लिट्सविला और इंडियाज गॉट टैलेंट जैसे शोज को होस्ट किया। इन्होंने होस्ट के तौर पर अपने दर्शकों को एंटरटेन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# खानजादी ने सलमान से मांगा माफी, कहा- प्लीज माफ कर दो और मुझे



बिग बॉस 17 में खानजादी भी बतौर कंटेस्टेंट बनकर आई थीं। शो में अभिषेक कुमार के साथ खानजादी का बॉन्ड भी काफी सुर्खियों में था। दर्शकों को लग रहा था कि हो सकता है दोनों कपल बन जाएं, लेकिन दोनों ने हमेशा एक-दूसरे को दोस्त बताया।

बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट रहीं खानजादी को शो में काफी पसंद किया जा रहा था, लेकिन फिर अचानक जब उनकी हेल्थ को लेकर मुद्दा बना तो वह शो से जाने की जिद्द करने लगीं। कई बार वह शो से जाने की डिमांड करती थीं। सलमान खान ने भी कई बार वीकेंड का वार में खानजादी को समझाया, लेकिन वह हमेशा शो से बाहर जाने की जिद्द करती रहीं। अब खानजादी का कहना है कि वह सलमान खान से माफी मांगना चाहती हैं।

## क्यों मांगी माफी

खानजादी नेआज तक से बात करते हुए कहा कि शो में सलमान खान ने उन्हें कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन वह बस अपनी जिद्द में रहीं कि उन्हें घर जाना है। वह बोलीं, मेरी गलती है कि मैंने सलमान खान की बात नहीं सुनी। सलमान सर ने मुझे बहुत बार समझाया कि गेम पर ध्यान दो और अच्छे से खेलो। लेकिन मैंने हमेशा घर जाने की रट पकड़ी हुई थी। खानजादी आगे बोलीं, मैं उम्मीद करती हूं कि सलमान सर मुझे माफ कर देंगे और मुझे काम देंगे।

अब देखते हैं कि खानजादी की गलती को सलमान खान माफ करते हैं या नहीं।

## सलमान से लगता है डर

वैसे खानजादी ने यह भी बताया कि उन्हें सलमान खान से डर लगता है। वह बोलीं, 'पता नहीं इसके पीछे क्या वजह है, लेकिन वह सलमान की काफी रिस्पेक्ट करती हैं।'

खानजादी के बारे में बता दें कि वह शो से बाहर आने के बाद शो को लेकर ज्यादा पॉजिटिव बात नहीं कर रही थीं। इतना ही नहीं वह शो के फिनाले में भी नहीं आई थीं अपने दोस्त अनुराग डोभाल की तरह जो खुद बिग बॉस शो और सलमान खान से काफी नाराज थे। खानजादी इन दिनों अपनी सिंगिंग पर ध्यान दे रही हैं।

# अदा शर्मा ने बस्तर- द नक्सल स्टोरी में नक्सलियों जैसी चाल - ढाल अपनाने के लिए जंगलों में बिताया समय




विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म बस्तर- द नक्सल स्टोरी के लिए एक्साटइमेंट तेज है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तीकड़ी ने पहले द केरल स्टोरी जैसी बेहतरीन फिल्म दी हैं। अब साथ में ये बस्तर-द नक्सल स्टोरी लेकर आ रहे हैं जिसके दोनों टीजरों ने पहले ही खूब सुर्खियां बनाई है और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

जहां दर्शकों ने निर्माताओं की एक और बोल्ड कहानी के लिए टीज़र की सराहना की, वहीं अदा शर्मा के लुक को भी लेकर चर्चा हुई। इस फिल्म के टीजर में अदा शर्मा आईपीएस नीरजा माधवन का किरदार निभाती नजर आ रही हैं और जिसके एक्ट्रेस ने जमकर मेहनत की है। सुनने में आया है कि किरदार में खुद को पूरी तरह से ढलने के लिए एक्ट्रेस अदा शर्मा को कड़ी ट्रेनिंग से लेनी पड़ी। नक्सलियों के टोन और बॉडी लैंग्वेज को समझने के लिए एक्ट्रेस को जंगलों में भी रहना पड़ा।

अदा शर्मा ने फिल्म में अपने किरदार की तैयारी के लिए जमीनी लड़ाई की ट्रेनिंग ली थी। बैटल सीक्वेंस के लिए, उन्होंने बंदूकों और डिफेंसिव हथियारों का भी इस्तेमाल किया। इसके अलावा, अदा शर्मा ने छत्तीसगढ़ में एक व्यापक ट्रेनिंग सेशल के लिए यात्रा की और इस दौरान उन्होंने अपने किरदार के लिए सही टोन पाने के लिए कुछ सलाहकारों से भी मुलाकात की। टीज़र को मिली भारी प्रतिक्रिया के बाद मेकर्स ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के कैरेक्टर पोस्टर्स की झलक भी लोगों को दे दी है। टीम ने फिल्म के नए पोस्टरों की एक सीरीज साझा की है जो दर्शकों को मुख्य अभिनेताओं और फिल्म में उनके द्वारा निभाए जा रहे किरदारों से रूबरू कराता है। अदा शर्मा की डेडिकेशन इस बात का साफ सबूत है कि विपुल अमृतलाल शाह और सुदीप्तो सेन फिल्म के हर पहलू को सही करने में विश्वास करते हैं। निर्माता किसी भी पहलू पर समझौता नहीं करते और उनका इरादा एक और रोंगटे खड़े कर देने वाली और रियल लाइफ बेस्ड त फिल्म पेश करना है। इस फिल्म में निर्माताओं ने कई शहीदों के बारे में सच्चाई उजागर की है और बताया है कि कैसे हमारे देश में सूडो इंटेलेक्चुअल्स चीन के पैसे से देश को तोड़ने के लिए प्रोपेगेंडा चला रहे हैं।

साथ ही, फिल्म का मकसद उस महत्वपूर्ण आंदोलन पर प्रकाश डालना है जिसका इरादा देश को नक्सल फ्री भारत बनाना है। विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और आशिन ए शाह द्वारा सह-निर्मित, बस्तर- द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित हैं और इसमें अदा शर्मा मुख्य भूमिका में होंगी। यह फिल्म 15 मार्च 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार से सम्मानित हुए निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा

12वीं फेल निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा काफी समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उन्होंने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि कर ली है। हाल ही में उन्हें भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए महाराष्ट्र भूषण पुरस्कारों में महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक प्रभाग द्वारा प्रतिष्ठित राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। पुस्कार मिलने के बाद विधु विनोद चोपड़ा ने कहा कि मेरी जन्मभूमि कश्मीर थी और मेरी कर्मभूमि महाराष्ट्र है। कश्मीर और महाराष्ट्र का यह सांस्कृतिक मिश्रण ही, आज मैं हूं। यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि यह महाराष्ट्र सरकार की ओर से मिल रहा है। महाराष्ट्र मेरी भूमि है जहां मैं रहता हूं, जहां मैं काम करता हूं और जहां मैं मरना चाहता हूं! मुझे सम्मानित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।



मार्च में सिख और ईसाई धर्म के अनुसार

# विवाह बंधन में बंधेगी तापसी पन्नू



बी-टाउन में शादियों का सीजन चल रहा है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंधे। मार्च में पुलकित सम्राट-कृति खरबंदा भी शादी करने वाले हैं। वहीं अब बॉलीवुड की एक और एक्ट्रेस दुल्हन बनने जा रही है। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस तापसी पन्नू हैं। एक्ट्रेस तापसी पन्नू हमेशा किसी न किसी कारण से समाचारों में रहती हैं। कभी उनकी प्रोफेशनल लाइफ की हाईलाइट होती है, तो कभी पर्सनल लाइफ की बात। फिलहाल उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी एक खास खबर सामने आ रही है। हाल ही एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह ने फिल्ममेकर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए हैं और अब तापसी के फैंस के लिए भी गुडन्यूज है। तापसी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड डेनमार्क के बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बो के साथ शादी रचाने वाली हैं।

मैथियास 2 बार यूरोपियन चैंपियन और ओलंपिक मेडलिस्ट रह चुके हैं। तापसी (36) मैथियास (43) को 10 साल से डेट कर रही हैं। हालांकि तापसी ने इस रिश्ते का कभी प्रचार नहीं किया। बताया जा रहा है कि तापसी मार्च में शादी करेंगी। पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में राजस्थान पहली पसंद बना हुआ है और तापसी भी इसी प्रदेश में ब्याह रचाएंगी। वह झीलों की नगर उदयपुर में शादी करेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक तापसी-मैथियास 2 अलग-अलग धर्म सिख और क्रिश्चियन के रीति-रिवाज के हिसाब से शादी करेंगे। उनकी गेस्ट लिस्ट में बॉलीवुड सितारे शामिल नहीं हैं। कपल सिर्फ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी करेगा। हालांकि अभी तक कपल ने शादी को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दी है।